# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025



सुमीत बाजार™

पारम्परिक एवं लेटेस्ट फैशन का नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन.

मनाइए 26 का जश्न

18 TO 31 JANUARY 2025

₹126/- में — ₹195 प्रति पीस वाला गर्ल्स टीशर्ट 2 पीस, 3 वर्ष से 10 वर्ष के गर्ल्स के लिये

₹126/- में — ₹299 प्रति पीस वाला ब्वॉयस टीशर्ट 2 पीस, 3 वर्ष से 10 वर्ष के गर्ल्स के लिये

₹126/- में — ₹295 प्रति पीस वाला कॉटन फैंसी टॉप, size - M to XXL

₹126/- में — ₹342 प्रति पीस वाला वॉटर मिलॉन जार, ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी

₹126/- में — ₹420 प्रति पीस वाला मेन्स कॉलर टीशर्ट, size - L to XXL

₹226/- में — ₹475 प्रति पीस वाला डबल बेडशीट, 2 पिलो कव्हर सहित

₹226/- में — ₹566 प्रति पीस वाला लिज़ा ब्रांड जल मटका, ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी

₹226/- में — ₹395 प्रति पीस वाला कुर्ती पेंट सेट, size - M to XXL

₹226/- में — ₹495 प्रति पीस वाला फैंसी लिनन प्रिंट साड़ियाँ

₹226/- में — ₹399 प्रति पीस वाला मेन्स रेडीमेड शर्ट मिक्स व्हेरायटी, size - L to XXL

₹426/- में — ₹2199 प्रति पीस वाला प्रीमियम ब्रांडेड कार्पोरेट वियर व्हाईट शर्ट, साइज उपलब्धतानुसार

₹426/- में — ₹999 प्रति पीस वाला च्वाईस ब्रांड बाथरूम सेट, 5 पीस का सेट

₹426/- में — ₹395 प्रति पीस वाला फैंसी फ्रॉक कुर्ती 2 पीस, size - M to XXL

₹426/- में — ₹795 प्रति पीस वाला सिल्क डायड कॉटन साड़ियाँ फैंसी वर्क

₹426/- में — ₹1799 प्रति पीस वाला ब्रांडेड किंग साईज डबलबेड बेडशीट

## निश्चित खरीदी करें और पाये ₹26 में

बाजार मूल्य ₹699 & above वाली बैगपैक ₹26 में — ₹3999 की खरीदी करने पर

बाजार मूल्य ₹1899 & above वाली प्रीमियम ब्रांडेड लेपटॉप बैग ₹26 में — ₹5999 की खरीदी करने पर

बाजार मूल्य ₹2999 & above वाली ब्रांडेड ट्रेवल डफल बैग ₹26 में — ₹8999 की खरीदी करने पर

बाजार मूल्य ₹3999 & above वाली प्रीमियम ब्रांडेड लेडिस हैण्डबैग ₹26 में — ₹11999 की खरीदी करने पर

बाजार मूल्य ₹4999 & above वाली ब्रांडेड ट्रैवल व्हीलर बैग ₹26 में — 3 PCS SET — 20 inch, 22 inch, 24 inch — ₹25999 की खरीदी करने पर

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक ऑफर आयटम खत्म होने पर उसकी जगह दूसरा आयटम दिया जा सकता है *नियम व शर्तें लागू

छत्तीसगढ़ – रायपुर • बिलासपुर • भिलाई • दुर्ग • राजनांदगांव • डोंगरगढ़ • भाटापारा • सिमगा • बेमेतरा • कवर्धा
आरंग • महासमुंद • सराईपाली • नयापारा राजिम • कांकेर • कोंडागांव • खरोरा • बालोद • धमतरी • बागबाहरा
मध्यप्रदेश – बालाघाट • धामनोद • सतना • उड़ीसा – खरियार रोड • नुआपाड़ा

ऑफर सुमीत बाजार के सभी रिटेल काउंटर्स पर

|| HARE KRISHNA ||

## ग्राहक अनुभव



हर्षित अर्बन सिटी में गेटेड समुदाय, सीसीटीवी सुरक्षा, 24X7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, बच्चों के लिए मैदान जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं दी जा रही हैं। ये प्रोजेक्ट शहर के बीच में है। मैं यहां प्लॉट बुकिंग करा कर बहुत खुश हूं।

**चुमनलाल देवांगन**



मैंने अपने फ्रेंड से हर्षित अर्बन सिटी के बारे में सुना था। और रायपुर शहर के प्राइम लोकेशन में प्लॉट खरीदने की तलाश में था। तभी मेरे फ्रेंड ने हर्षित अरबन सिटी के प्लाट मेला के बारें में बताया। मैं यहां प्लॉट बुकिंग करा कर बहुत खुश हूं।

**वी. मिश्रा**



रायपुर शहर का रिंग रोड नं. 1 तेज़ी से विकसित हो रहा है। डी-मार्ट के सामने स्थित हर्षित अर्बन सिटी उनमें से एक है। यहां प्लॉट खरीदा भविष्य के लिए फायदे वाला सौदा है। यहां प्लॉट की बुकिंग मेरे लिए अच्छा सौदा है।

**गोपाल प्रसाद**



हर्षित अर्बन सिटी की लोकेशन शहर के अन्य आवासीय परिसरों की तुलना में बेस्ट है। यहां अलग अलग साइज के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स उपलब्ध हैं। पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन बहुत शानदार है। मैं बहुत खुश हूं।

**अनिता वर्मा**

# शहर के बीच में, अपना जहां... आप सादर आमंत्रित है.

Only 10 Plots Available at ₹4200/Sqft.

आज ही चेक लेकर आइए और अपना पसंदीदा प्लॉट बुक कराइए!

SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

# प्लॉट मेला

24|25|26 JAN. 2025
RAIPURA

मात्र ₹ 60 लाख रुपये में बनाये अपना बंगला शहर के बीचो बीच

Special Offer on SPOT BOOKING




रिंग रोड नं.-1, **डी-मार्ट के सामने,** रायपुरा-रायपुर

लक्जरी जीवन

आधुनिक सुविधाएँ

शहर के बीचो बीच

HARSHIT
URBAN CITY

## प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स

प्लॉट साईज 1000-3000 वर्गफुट

*T&C Apply

## सुविधाएं एवं विशेषताएं



## निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर



SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

9827-321-321
www.singhaniabuildcon.com

Rera Reg. No. :PCGRERA250724001799
www.rera.cgstate.gov.in

Credai Member
CREDAI
Chhattisgarh

RERA APPROVED

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### इस जिले में इतने निर्विरोध सरपंच

बीजापुर 43, कांकेर -40, महासमुंद -38, कोण्डागांव 33
दंतेवाड़ा-31, रायगढ़-27, सुरजपुर -27, राजनांदगांव-32

**कुल निर्विरोध सरपंच 526**

- 11048 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़कर जीता मैदान



# सरपंच चुनाव यानी सियासी झगड़ा...लेकिन छग में सुकून, पिछली बार 526 बिना लड़े बन गए थे गांव का नेता, टॉप पर रहा बीजापुर

*छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव शुरु होने के साथ ही राज्यभर के ग्रामीण इलाकों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गईं हैं। गांव-गांव में लोग इस चुनावी माहौल को उत्सव के रूप में मनाते नजर आ रहे हैं। चुनावी सियासत के बीच उन लोगों के बीच खींचतान बढ़ती है जो एक दूसरे के खिलाफ चुनाव के मैदान में होते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ये तो रही चुनावी माहौल के सिक्के का एक पहलू, लेकिन इसका दूसरा पहलु बहुत ही शांति और सुकून वाला है। राज्य के सैकड़ों गांवों में लोग आपसी सहमति और समझ के साथ अपने सरपंच का चुनाव बिना किसी का विरोध किए करवा लेते हैं। पिछले चुनाव की बात करें तो राज्य भर में 526 सरपंच ▶▶|शेष पेज 6 पर



### सबसे अधिक निर्विरोध सरपंच बस्तर संभाग में

छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में से एक आदिवासी बहुल बस्तर संभाग राज्य का अकेल संभाग है जहां सबसे अधिक संख्या में निर्विरोध सरपंच पिछले चुनाव में चुने गए। इस संभाग का एक जिला है बीजापुर यहां सरपंच के 167 ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राज्य में चुने जाते हैं 11 हजार 700 से ज्यादा सरपंच

चुनाव लड़कर जीतने वाले सबसे अधिक सरपंच राजनांदगांव जिले के

### *सबसे कम निर्विरोध इन जिलों में*

*सरपंच चुनाव में निर्विरोध चुने जाने की स्थिति राज्य के जिलों में अलग-अलग प्रकार की होती है। जैसे सरगुजा संभाग के के जशपुर जिले में सरपंच के कुल 444 पदों के लिए चुनाव हुए। इनमें से 442 सरपंच चुनाव लड़कर जीते। केवल दो सरपंच यहां से निर्विरोध जीतने में सफल हो पाए। इसके बाद के क्रम में दुर्ग जिला रहा। यहां 300 पदों के लिए हुए चुनाव में 298 के लिए चुनाव हुआ। यहां केवल दो सरपंच ही निर्विरोध रहे। इसी क्रम में बिलासपुर जिले में 647 पदों के लिए हुए चुनाव में 638 सविरोध चुने गए। केवल 9 सरपंच बिना किसी विरोध के जीते। इनका प्रतिशत 1.39 प्रतिशत रहा। कोरबा में 412 में से 403 पदों के लिए वोटिंग हुई। यहां केवल 9 सरपंच ही निर्विरोध जीत पाए। कोरिया जिले में भी यही हाल रहा। यहां भी 9 सरपंच निर्विरोध रहे। जबकि 360 पदों के लिए चुनाव हुआ। 351 को मैदान में उतरकर चुनाव लड़ना पड़ा।*

## खबर संक्षेप

### अमूल ने एक लीटर दूध पर एक रुपये घटाये



**नई दिल्ली।** अमूल ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ ने देश भर में दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। हालांकि, कीमतों में यह कटौती केवल एक लीटर वाले पैकेट पर की गई है। दुग्ध महासंघ के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा कीमतें तत्काल लागू होंगी। नए रेट के अनुसार अमूल गोल्ड 1 लीटर 65 रुपए, टी स्पेशल 61 रुपए, अमूल फ्रैश 53 रुपए में मिलेंगे।

### गोवा सीएम की पत्नी के खिलाफ नहीं बोलूंगा



**पणजी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने गोवा की एक अदालत से कहा कि वह मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले के सिलसिले में उनके (सुलक्षणा के) खिलाफ कोई बयान नहीं देंगे। प्रतिवादी ने याचिकाकर्ता द्वारा दायर निषेधाज्ञा अर्जी का जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने मामले को सात फरवरी के लिए निर्धारित कर दिया।

### जांच जारी, सुरक्षा उपायों पर उठे सवाल हादसे से दहशत में कर्मचारी

# सेना की फैक्ट्री में ब्लास्ट, छत उड़ी दब गए दर्जनभर, 8 शव निकाले गए

*महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में अचानक विस्फोट हो गया। इस सेक्शन में आरडीएक्स बम बनाए जाते हैं। इस धमाके से बिल्डिंग की छत गिर गई जिसमें 8 कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई दूसरे कर्मचारी घायल हो गए जिनमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर बताए जा रहे हैं। हादसे के समय फैक्ट्री के अंदर कई कर्मचारी मौजूद रहे। फैक्ट्री के भीतर फंसे मौजूद दूसरे कर्मचारियों को सुरक्षित निकालने की कोशिश की जा रही है।*

एजेंसी ▶▶| भंडारा

बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में बड़ी संख्या में कर्मचारी काम कर रहे थे। विस्फोट इतना तेज था कि 5 किलोमीटर तक इसकी आवाज सुनाई दी। आसपास के इलाकों में भी इसकी आवाज सुनाई दी। हालांकि, धमाके के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस और फैक्ट्री प्रबंधन इस मामले की जांच में जुटे हैं। फैक्ट्री से आई तस्वीरों में भारी हथियारों के टुकड़े ▶▶|शेष पेज 6 पर



### भंडारा के कलेक्टर ने 8 के मरने की पुष्टि की

भंडारा के कलेक्टर संजय कोलटे ने मीडिया को बताया कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री जवाहर नगर में धमाके के कारण एक छत गिर गई जिसकी चपेट में आने से कर्मचारी हताहत हुए हैं। घटना के समय वहां 12 लोगों के मौजूद होने की सूचना है, जिनमें से दो को सुरक्षित निकाल लिया गया है। हादसे में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

### ■ रक्षा मंत्री बोले- राहत के प्रयास जारी

घटना को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

### ■ प्राथमिक जानकारी में क्या हुआ खुलासा

फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में हुए धमाके की जांच शुरू कर दी गई है। इस सेक्शन में आरडीएक्स बम बनाया जाता है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह संभव है कि बम बनाने के दौरान ही विस्फोटक हुआ है। हालांकि, सही कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो पाएगा। फैक्ट्री प्रबंधन और सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है।

### महाकुंभ में पिंडदान कर अपनाया नया नाम

## ममता कुलकर्णी एक्टिंग छोड़ बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी अब एक्ट्रेस नहीं, बल्कि महामंडलेश्वर कहलाएंगी। 25 साल बाद भारत सिर्फ महाकुंभ के लिए लौटीं ममता को प्रयागराज में 144 साल बाद लगे महाकुंभ में किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया। ममता भगवा वस्त्रों में माथे पर चंदन, गले में रुद्राक्ष माला और कंधे पर झोला टांगे वह किन्नर अखाड़ा में रहीं। वहां वह आचार्य महामंडलेश्वर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### भारत आने की खुशी बता नहीं सकती : ममता

साल 2000 में ममता कुलकर्णी ने मुंबई के साथ-साथ भारत को अलविदा कहा था। वापस आकर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की थी, जिसमें उन्होंने भारत की सर-जमीन पर कदम करने की खुशी जताई। मैं भारत, बॉम्बे, मुंबई, आमची मुंबई में 25 साल बाद लौटी हूं। मैं अपने देश को 24 सालों के बाद देख रही थी मैं यहां हूं और बहुत भावुक हो रही हूं।

### ड्रग्स केस में आया था एक्ट्रेस का नाम

बता दें कि साल 2016 में एक्ट्रेस का नाम एक बड़े ड्रग्स केस में आया था। ड्रग्स केस में दुबई के जेल में सजा काट रहे विक्की गोस्वामी के साथ भी ममता कुलकर्णी का नाम भी जुड़ा था। भारत वापस आने के बाद एक्ट्रेस ने इस रिश्ते को झुठला दिया है।

## ड्राइवर को आई झपकी, उसकी ही बेटी की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शुक्रवार को सुबह करीब 4 बजे दुर्ग से पुरी जा रही बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। घटना में छह महीने की बच्ची की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। मृतक बच्ची ड्राइवर की बेटी बताई जा रही है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

खड़े ट्रक से जा टकराई बस



### 18 की हालत गंभीर

इधर स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार दुर्घटना होने से 43 घायल मरीजों को इमरजेंसी इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसमें से 18 मरीज गंभीर स्थिति में थे, जिन्हें त्वरित उपचार कर हायर सेंटर रेफर किया गया।






### मुलायम सिंह पर टिप्पणी पर सुनवाई 17 फरवरी को



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी राजू दास के खिलाफ दायर मानहानि मामले में वाराणसी की एक अदालत 17 फरवरी को सुनवाई करेगी। अधिवक्ता प्रेम प्रकाश यादव ने मुकदमा दायर किया है।

### गोलीबारी मामले में पूर्व विधायक ने किया सरेंडर

**पटना।** बिहार के मोकामा इलाके में गोलीबारी से जुड़े एक मामले में वांछित पूर्व विधायक अनंत सिंह ने शुक्रवार को बाढ़ की एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। पटना एसपी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना बुधवार शाम को हुई थी। सोनू-मोनू गिरोह और अनंत सिंह के काफिले के बीच गोलीबारी हो गई थी।

### आज रेडियो पर 'साधु कहें मन की बात'



**महाकुंभनगर।** श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद ने बताया कि रेडियो पर पीएम मोदी के चर्चित कार्यक्रम 'मन की बात' की तर्ज पर महाकुंभ में 'साधु कहें मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन आज दोपहर दो बजे से किया जाएगा। साधु-संत धार्मिक और सामाजिक संकल्पों पर अपने मन की बात करेंगे।






# ग्रामीण/शहरी रणभूमि



## एक साल में छत्तीसगढ़ बदहाल: दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी है। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में ही राज्य पर कर्जा का बोझ बढ़ गया। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया। सरकारी नौकरी में भर्तियां बद हो गयी। बिजली के दाम बढ़ गये। एक साल में ही साय सरकार जनता में अलोकप्रिय साबित हो गयी है।

## एक साल में हासिल किया विश्वास: अमर



भाजपा घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल की है। हमने पिछले महीने ही 'जनादेश परब' में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। इस वर्ष को विष्णुदेव सायजी की सरकार ने 'अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है।

### झरोखा

संस्कारधानी की राजनीतिक फिजा हमेशा से आपसी सद्भाव और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की रही है। यही वजह है कि नगर निगम के दूसरे महापौर अजीत जैन को पार्षद चुनाव लड़ने में एक हजार रुपए खर्च आए थे और महापौर बनने के लिए सिर्फ कचौड़ी, चाय और लस्सी की व्यवस्था करनी पड़ी थी। वे निर्दलीय की हैसियत से महापौर रहकर शहर विकास कार्य में अपनी महती भूमिका निभाई।

# एक हजार रुपए खर्च कर बने पार्षद और दोनों दलों से तालमेल बैठाकर बने मेयर

## पूर्व महापौर अजीत जैन ने किया था पसरा शुल्क माफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजनांदगांव

वर्ष 1997 से वर्ष 2000 तक नगर निगम राजनांदगांव का निर्दलीय महापौर रहे अजीत जैन ने अपने कार्यकाल में जनहित में कई विकास कार्य किए। जिसमें उल्लेखनीय यह रहा कि 20 साल पुराने मकानों के लिए 50 प्रतिशत संपत्ति कर में छूट का निर्णय लिया, पसरा शुल्क माफ किया गया, जो वर्तमान में भी जारी है। वहीं उन दिनों निकाय कर भी नहीं लगने दिया था।




### वित्तीय संकट के बाद भी बेहतर काम हुए

चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि उनका कार्यकाल अविभाजित मप्र के दौरान था। लिहाजा बजट लगभग 30-35 लाख रुपए तक ही होते थे। स्थिति यह हो जाती थी कि 6 माह तक कर्मचारियों को वेतन नहीं बांट पाते थे। बावजूद इसके वित्तीय संकट झेलते हुए भी शहर के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए वे तत्पर रहते थे। उनके कार्यकाल के दौरान ना तो पाईप लाइन फूटे और ना ही मोटर जले, नियमित रूप से लोगों को जलापूर्ति की जाती थी। घटिया डामरीकरण के चलते उन्होंने संबंधित ठेकेदार का पेमेंट रोक दिया था।

### निर्दलीय के रूप में महापौर की कमान संभाली

पूर्व महापौर अजीत जैन बताते हैं कि वे वर्ष 1995 में महावीर वार्ड से भाजपा पार्षद के रूप में रिकार्ड मतों से जीते और नगर निगम में उप महापौर बने। इस दौरान भाजपा से शरद वर्मा महापौर थे, लेकिन पार्षदों के साथ सामंजस्य न होने एवं असंतोष होने के चलते उनके खिलाफ कांग्रेस पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। इसके बाद श्री जैन को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था और वे निर्दलीय के रूप में महापौर के रूप में निगम की कमान सम्हाली।

### पार्षद बनने एक हजार किए खर्च

श्री जैन शुरू से ही बिंदास रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। वे जब पार्षद चुनाव लड़े थे, उस दौरान उन्हें इतनी मशक्कत नहीं करनी पड़ी, जितनी इन दिनों करनी पड़ती है। वे पार्षद चुनाव के दौरान लगभग 1000 रुपए ही खर्च किए और उनके समर्थक व कार्यकर्ता दिन-रात उनके प्रचार-प्रसार में जुटे रहे और उनकी जीत हुई थी। इसी दौरान जब नगर निगम में महापौर बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही थी, उस दौरान उनके समर्थक पार्षदों को कचौड़ी, चाय, लस्सी पिलाने के लिए ही लगभग 257 रुपए खर्च आए थे।

### रोचक खबरें

# भाजपा व कांग्रेस ने नहीं खोले पत्ते, महापौर को लेकर फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नगरीय निकाय चुनाव की बिगुल बज गया है शहर समेत गांव-गांव में नेता, कार्यकर्ता की भीड़ पार्टी कार्यालयों में दिखने लगी है। नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और पार्षद पद के लिए पार्टी पदाधिकारियों और चुनाव प्रभारियों का फोकस है। नगर निगम जगदलपुर चुनाव में भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। दोनों दलों ने पार्षद प्रत्याशी के नाम तो लगभग-लगभग तय कर दिए है। महापौर को लेकर दोनों दलों में पेंच फंसा है। कांग्रेस से महापौर के प्रमुख दावेदारों में पीसीसी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु समेत पूर्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य और निकेत झा के नाम चयन समिति की सूची में सम्मलित है। शनिवार को

### दोनों प्रमुख राजनीतिक दल पार्षद प्रत्याशियों के नाम तय किये

रायपुर में होने वाली बैठक में महापौर के किसी एक नाम पर मुहर लगना तय है। इधर सत्तारूढ़ भाजपा में महापौर पद के लिए मारामारी की स्थिति है। यहां महापौर के लिए सर्वाधिक 21 नाम संगठन को प्राप्त हुआ था। इनमे प्रमुख रूप से संजय पांडे, विद्याशरण तिवारी, मनीष पारख, नरसिंग राव, दिनेश पाणिग्राही, अनिल लुंक्कड़, योगेंद्र पांडे, रजनीश पाणिग्राही, रामाश्रय सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, एल ईश्वर राव, दीप्ति पांडे व अन्य शामिल है। चयन समिति ने भारी मशक्कत के बाद तीन नाम प्रदेश संगठन के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसमे दो ब्राम्हण और एक व्यापारी वर्ग से बताया जा रहा है।

### महापौर के लिए भाजपा ओबीसी वर्ग पर दांव

प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को टिकट आरक्षण में वंचित करने के बाद ओबीसी वर्ग भाजपा से नाराज है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने हाल में दिए एक बयान में स्पष्ट किया था कि महापौर भले ही सामान्य मुक्त है, बावजूद आवश्यकता पड़ा तो हम ओबीसी वर्ग को टिकट देने का प्रयास करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के इस बयान को ओबीसी वर्ग के डेमेज कंट्रोल से जोड़कर देखा जा रहा है।

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए इस तरह मिलेंगे चिन्ह

# एक चुनाव चिन्ह के दो दावेदार हुए तो निकलेगी लॉटरी, जीतने वाले को मिलेगा सिंबाल: आयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्य के नगरीय निकाय चुनावों की मैदान में बिसात बिछाने का काम तेजी से हो रहा है, लेकिन चुनाव लड़ने वालों को हर मोड़ पर मुकाबला करने की नौबत है। इस चुनाव में जो प्रत्याशी राजनीतिक दलों की ओर से उतारे जाएंगे उन्हें तो पार्टी का चुनाव चिन्ह मिलेगा। लेकिन जो प्रत्याशी निर्दलीय हैं उन्हें भी मनपसंद चुनाव चिन्ह के लिए भी जूझना पड़ेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि अगर एक ही चुनाव चिन्ह के लिए दो दावेदार हों तो लॉटरी निकालकर चिन्ह तय करना होगा। इस लॉटरी में जो जीतेगा वही मनपसंद चिन्ह का हकदार होगा।

### पहले नामांकन में मांगे गए चिन्ह पर होगा विचार

अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम नामनिर्देशन पत्र में दर्शाये गये प्रतीकों पर ही विचार किया जाए, भले ही वह नामनिर्देशन-पत्र संवीक्षा के दौरान खारिज क्यों न हो गया हो। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत बाद के नामनिर्देशन पत्र में उल्लिखित प्रतीकों को विचार में नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थी को उसके द्वारा प्रथम नामनिर्देशन-पत्र में अंकित केवल प्रथम तीन निर्वाचन प्रतीकों को विचार में लिया जाए तथा इस संख्या से परे पसन्द की ओर ध्यान नहीं दिया जाएगा। प्रतीक का आबंटन यथासाध्य, निदर्लीय अभ्यर्थी की पसन्द के

### राजनीतिक दलों के प्रत्याशी लड़ेंगे पार्टी के निशान पर




### एक चिन्ह के दो दावेदारों हों तो...

यदि एक ही प्रतीक को एक से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी पसन्द में प्रथम स्थान पर रखा हो तो प्रतीक के आबंटन का निर्णय लाट द्वारा किया जाए। जिस अभ्यर्थी के पक्ष में लाट निकले, उसे ही वह प्रतीक आवंटन किया जाए। लाट निकालने की कार्यवाही उपस्थित अभ्यर्थियों और या उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के समक्ष की जाएगी और उसका प्रतीक आबंटन से संबंधित कार्यवाही विवरण में स्पष्ट उल्लेख किया जावे तथा उपस्थित अभ्यर्थियों और उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर कराए जाने के निर्देश हैं।

### इस प्रकार तय होगा क्रम

प्रथम स्थान पर अंकित प्रतीकों का आबंटन हो जाने पर शेष बचे अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के दूसरे क्रम के प्रतीकों का आबंटन उपर्युक्त प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। आवेदन हो जाने पर शेष बचे अभ्यर्थियों को उसकी पसन्द के 'तीसरे क्रम के प्रतीकों का आबंटन होगा। पहले, दूसरे और तीसरे क्रम के सभी निर्वाचन प्रतीक आबंटित हो जाने के पश्चात यदि कोई अभ्यर्थी ऐसा रह जाता है जिसे अपनी पसंद का (तीन में से) कोई प्रतीक आवंटन न हुआ हो अथवा किसी अभ्यर्थी ने अपने प्रथम नामनिर्देशन पत्र में किसी प्रतीक का उल्लेख न किया हो, तो उसे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित निर्वाचन प्रतीकों में से क्रम में सबसे ऊपर वाला वह प्रतीक आवंटन किया जाए, जो किसी अभ्यर्थी को आवंटित न किया गया हो। प्रतीकों का क्रमवार इस प्रकार आबंटन, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची में उनके नामों के क्रम के अनुसार, एक के बाद एक करने के निर्देश हैं।

### निर्दलीय अभ्यर्थियों को ऐसे मिलेगा चुनाव चिन्ह

राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्दलीय चुनाव लड़ने वालों के लिए पहले ही करीब 50 चुनाव चिन्ह तय कर दिए हैं। इन्हें मुक्त प्रतीक कहा जाता है। यदि किसी गैर मान्यता प्राप्त रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दल के अभ्यर्थी ने किसी भी प्रतीक के लिए चुनाव चिन्ह का उल्लेख अपने नामांकन में नहीं किया है तो ऐसे अभ्यर्थी के मुक्त प्रतीकों में से सबसे ऊपर वाले क्रम से वह प्रतीक दिया जाएगा जो अब तक किसी को नहीं दिया गया है। इस तरह बांटे गए मुक्त प्रतीकों को छोड़कर शेष मुक्त प्रतीकों को निर्दलीय अभ्यर्थियों को आवंटित किया जावेगा। कोई भी अभ्यर्थी आयोग द्वारा विहित मुक्त निर्वाचन प्रतीकों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रतीक की मांग नहीं कर सकता और यदि उसके द्वारा अपने नामनिर्देशन पत्र में किसी अन्य प्रतीक का उल्लेख किया गया हो तो उसे नजरअंदाज किया जाएगा।

# आज का चुनाव पूरी तरह से हाईटेक ढंग से और पैसों के दम पर लड़ा जा रहा है: बलराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कवर्धा



90 के दशक में लड़ा था बलराम चन्द्रवंशी ने चुनाव

इस समय पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की बयार बह रही है। संभावित दावेदारों से लेकर मतदाता इन चुनावों को लेकर खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं, लेकिन क्या आपने सोचा है कि आज के दौर में होने वाले चुनाव और 1990 के दशक में होने वाले चुनावों में क्या अंतर है। सुंदरलाल पटवा सरकार के दौरान जिले की विधानसभा कुंडा-मुंगेली की ग्राम पंचायत कोलेगांव में सन 1989 से 1994 तक सरपंच पद में रहे बलराम चन्द्रवंशी बताते हैं हमने उस दौर का चुनाव भी देखा है और आज के दौर का चुनाव भी देख रहे हैं। जिसमें जमीन आसमान का अंतर है। आज का चुनाव पूरी तरह से हाईटेक ढंग से और पैसों के दम पर लड़ा जा रहा है, जबकि 90 के दशक में चुनाव लड़ने की हिम्मत भी बहुत कम लोग कर पाते थे। उनके पास न तो मतदाताओं तक पहुंचने के लिए सड़के थी और न ही संसाधन थे। सड़कों के अभाव में प्रत्याशी घोड़ा गाड़ी में अपने पंचायत क्षेत्रों का दौरा करते थे। मतदाताओं द्वारा प्रत्याशियों के कार्य, व्यवहार, योग्यता और पारिवारिक पृष्ठ भूमि के आधार पर ही उनका चुनाव करते थे, लेकिन आज ऐसा कम ही देखने को मिलता था। बलराम चन्द्रवंशी बताते हैं कि उस समय प्रत्याशियों के लिए चुनाव जीतने के साथ अपना कार्यकाल पूरा करना और लोगों की अपेक्षाओं में खरा उतरना भी बड़ी चुनौती थी, क्योंकि न तो ग्राम पंचायतों में विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिलती थी और न ही कोई रोजी रोजगार के संसाधन थे। उस पर हर साल अकाल की मार झेलनी पड़ती थी। अकाल की स्थिति में एकाध काम स्वीकृत हो जाता था, तो बहुत बड़ी बात थी। इस अकाल राहत कार्य में लोगों को राशि के साथ चावल दिया जाता था। बदले में उन्हें या तो गोदी खोदनी पड़ती थी।

### अपनी मेहनत की मजदूरी लेते थे

श्री चन्द्रवंशी बताते है कि ईमानदारी इतनी थी कि इस कार्य में ग्राम पंचायत के सरपंच से लेकर उपसरपंच और पंच भी पूरी ईमानदारी से काम करते थे और अपनी मेहनत की मजदूरी लेते थे। उन्होंने बताया कि उस समय में हमारी ग्राम पंचायत कोलेगांव का मैं सरपंच था और डेलउ गोड़ उप सरपंच थे। कोलेगांव पंचायत में कोलेगांव, घनेली, पिपरमटी, भगतपुर, रापा ग्राम शामिल थे, लेकिन आज प्रायः सभी गांव स्वतंत्र पंचायत हैं। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि हमने पूरी ईमानदारी से अपना कार्यकाल पूरा किया। मुंगेली-कुण्डा विधानसभा के तात्कालिक विधायक निरंजन केशरवानी हुआ करते थे। जिन्होंने अपने क्षेत्र में कई कार्य कराए थे। बलराम चन्द्रवंशी ने कहा कि उस समय हमने जो ईमानदारी और सम्मान प्राप्त किया, वह आज भी कायम है। आज भी लोग हमें सरपंच ही कहते हैं।

### टुकुन की नजर से...




# दुर्ग को मिलेगा 12वां मेयर, शंकर लाल और सरोज पांडेय दो-दो बार रहे मेयर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

प्रदेश का सबसे पुराना निकाय और जिला होने का गौरव प्राप्त दुर्ग निगम को इस बार अपना 12वां मेयर मिलेगा। इसमें शंकर लाल ताम्रकार और सरोज पांडेय दो ऐसे नाम हैं, जो दो-दो बार मेयर चुनकर आए। दुर्ग के निगम बनने के बाद सबसे पहले सुच्चा सिंह ढिल्लो मेयर चुनेंगे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 1983 से 5 नवंबर 1983 तक रहा। दूसरे मेयर आलम दास गायकवाड़ बनें, जो 23 नवंबर 1983 से 9 अगस्त 1984 तक दुर्ग निगम के मेयर रहे। इसके बाद गोविंद धींगरा महापौर बने, उनका कार्यकाल 9 अगस्त 1984 से 8 अगस्त 1985 के मध्य रहा। फिर शंकरलाल ताम्रकार 9 अगस्त 1985 से 7 अगस्त 1987 तक दो बार मेयर रहे। इसके बाद दुर्ग निगम को पांच साल के लिए मेयर के रूप में आरएन वर्मा मिले। उनका कार्यकाल 5 जनवरी 1995 से 5 जनवरी 2000 तक रहा। उनके बाद सरोज पांडेय पहले कार्यकाल में 6 जनवरी 2000 से 5 जनवरी 2005 और दूसरे कार्यकाल में 6 जनवरी 2005 से 4 जनवरी 2010 के मध्य महापौर चुनी गईं। इस प्रकार वे दस साल तक महापौर रहीं। दूसरे कार्यकाल में वे एक ही समय पर महापौर, विधायक और सांसद बनीं, जो भी एक रिकार्ड रहा। उनके बाद डॉ. शिव कुमार तमेर दुर्ग के मेयर बनें, उनका कार्यकाल 5 जनवरी 2010 से 5 जनवरी 2015 के मध्य रहा। उनके बाद चंद्रिका चंद्राकर ने 6 जनवरी 2015 से 5 जनवरी 2020 तक मेयर की कुर्सी संभाली। 6 जनवरी 2020 से 5 जनवरी 2025 तक धीरज बाकलीवाल दुर्ग के मेयर रहे। वर्तमान में पद रिक्त होने की वजह से प्रशासक की नियुक्ति की गई है।

# प्रदेश का 144 साल पुराना निकाय विकास में पिछड़ा, चुनाव होते रहे पर जनता में रही निराशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमतरी

अविभाजित मध्यप्रदेश वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पुराने नगरीय निकायों में धमतरी नगर निगम आता है। इसका इतिहास 144 साल पुराना है, लेकिन धमतरी निगम पिछड़ापन का शिकार हो गया है। वरिष्ठता के अनुपात में विकास बहुत कम हो पाए। मूलभूत सुविधाओं के अलावा जनता की पुरानी मांग दशकों के बाद भी पूरी नहीं हुई है। शहर के जिम्मेदारों से यहां की जनता हमेशा निराशा रही है। पिछले 10 साल से निगम में बैठी सरकार के लिए अच्छा अवसर था, क्योंकि राज्य में उन्हीं की सरकार थी। इसके बाद भी धमतरी में फंड नहीं आया और विकास अवरुद्ध हो गया।

### ये हैं शहर के मुद्दे

शहर की जनता लगभग 20 साल से हाईटेक बसस्टैंड, गोकुलनगर, औद्योगिक नगर, इंग्लिश मीडियम कालेज, इंजीनियरिंग, मेडिकल, कृषि, उद्यानिकी कालेज, सड़कों का चौड़ीकरण, ड्रेनेज सिस्टम का जीर्णोद्धार, बीएड, डीएड कालेज, नगर निगम सीमा का विस्तार, खेल मैदान, बड़ा स्टेडियम, उद्यानों एवं पार्कों का जीर्णोद्धार, तालाबों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण मुक्त शहर, सदर चौड़ीकरण, पेंटिनगंज जमीन का मामला ऐसे कई शहर के ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनका हल करना आवश्यक है।




धमतरी नगर निगम

### शहर की जनसंख्या बढ़ी लेकिन उस हिसाब से विकास नहीं

बीते 144 सालों में शहर की जनसंख्या काफी तेजी से बढ़ी। रकबा बढ़ने के साथ वर्तमान में अनुमानित जनसंख्या 1.50 लाख के करीब पहुंच गई है। नगर पालिका और निगम के अध्यक्ष रहे सभी पदाधिकारी काफी ताकतवर शख्सियत थे। इसके बाद भी शहर का विकास जनसंख्या के अनुपात में नहीं हुआ। पहले भी शहर बारिश के पानी में डूबता था। अब भी भारी बारिश से शहर के आधे से ज्यादा वार्ड पानी में डूब जाता है। ड्रेनेज सिस्टम व नाली का निर्माण तर्कसंगत नहीं है। उतार-चढ़ाव के हिसाब से नालियां नहीं बनी हैं। प्राकृतिक रास्तों में मकान, कालोनियां बन गई हैं। अनियमित बसाहट का दंश जनता झेल रही है।

### इन नेताओं ने संभाली पालिका- निगम की सत्ता

विदित हो कि धमतरी कभी नगर पंचायत नहीं रही है। सीधे नगरपालिका का दर्जा 27 जुलाई 1881 को मिला। इसकी स्थापना के बाद 1922 से 1926 तक स्व. नारायण राव फड़नवीस मेघावाले नगर पालिका के अध्यक्ष थे। इसके बाद स्व. नत्थूराव जी जगताप 1932 से 1934 तक, स्व.खम्हनलाल साव 1936 से 1937 तक, स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव 1937 से 1939 तक, स्व. रामगोपाल शर्मा 1941 से 1946 तक, स्व. राधेश्याम खरे 1952 से 1957 तक, स्व. हनुमान प्रसाद मिश्रा 1969 से 1971, स्व. पंढरीराव पवार 1971 से 1974 तक, कृष्णकुमार ढांढ मनोनीत सभापति 1984 से 1987 तक, डा.एनपी गुप्ता 1995 से 2000 तक, स्व.जानकी पवार 2000 से 2005 तक, स्व. ताराचंद हिन्दूजा 2005 से 2010 तक नगर पालिका के अध्यक्ष रहे। इसके बाद नगरपालिका को नगर निगम का दर्जा मिला। 2014 से 2015 तक तत्कालीन कलेक्टर भीमसिंह प्रशासक रहे। 2015 से 2020 तक अर्चना चौबे तथा 2020 से 2025 तक विजय देवांगन महापौर निर्वाचित हुए। अब वर्तमान में प्रशासक के रूप में कलेक्टर नम्रता गांधी हैं।

रायपुर
शनिवार, 25 जनवरी 2025
माघ कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 23, अंक : 190
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.8
न्यून. 17.8


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को आकस्मिक निधि के अलावा इस बार फर्नीचर भी नसीब नहीं

# आत्मानंद में कुर्सी-दौड़... मांगी थी 100 से 720 बेंच मिली सिर्फ 30-40, टूटे-फूटे सिस्टम में होनहार 'एडजस्ट'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को इस बार पूर्व की तरह आकस्मिक निधि नहीं मिल पाई। पूर्व सत्रों में प्रत्येक आत्मानंद विद्यालयों को 5-5 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती थी। इस बार प्रत्येक को 78-78 हजार रुपए दिए गए। बिजली ऑफिस से बकाया बिल को लेकर तकादा हुआ तो एक लाख रुपए और भेज दिए, लेकिन छात्रों की बैठक व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी। छात्रों के लिए सत्र शुरु होने के साथ ही कुर्सी-टेबल की सूची बनाकर सौंप दी गई थी। लंबे इंतजार के बाद विद्यार्थियों ⏭ शेष पेज 6 पर





पूरे वर्ष टूटी-फूटी बेंच में करते रहे पढ़ाई, जवाब देने से बच रहे जिम्मेदार

### किताबें रखने अलमीरा नहीं

छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 जनवरी से प्रारंभ हो गई हैं। कुछ विद्यालयों में प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं, तो कुछ में जारी हैं। प्री बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू की जा चुकी हैं। व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्रों को वार्षिक परीक्षाएं भी टूटी-फूटी बेंच में ही दिलानी पड़ेगी। स्कूलों ने बेंच के साथ ही शिक्षकों के लिए कुर्सी, ऑफिस चेयर, ग्रीन बोर्ड, ⏭ शेष पेज 6 पर

### गनियारी और माना कैंप ने मांगे थे सर्वाधिक बेंच

प्रक्रिया के अनुसार, विद्यालयों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय को फर्नीचर के लिए डिमांड भेजना होता है। जिला शिक्षा कार्यालय इसे लोक शिक्षण संचालनालय को प्रेषित करता है। कई बार



इसे कलेक्टरेट भी प्रेषित किया जाता है, जहां खनिज न्यास निधि से इसका क्रय होता है। स्कूलों का कहना है कि उन्हें बेंच डीपीआई द्वारा प्रदान की गई हैं अथवा कलेक्टरेट मद से मिले हैं, इसकी जानकारी नहीं है। जो बेंच उन्हें मिली हैं, उनका प्रयोग उन्होंने शुरू कर दिया है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय गनियारी, तिल्दा ने सर्वाधिक 720 छात्रों के लिए बेंच मांगी थी।

### 20 स्कूलों ने मांगे थे फर्नीचर

रायपुर जिले के अंतर्गत 34 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का संचालन हो रहा है। इनमें से मात्र 20 स्कूलों ने ही फर्नीचर के लिए आवेदन दिए थे। अनंतराम बर्छिहा विद्यालय चंदखुरी ने 300 बेंच, ऑफिस टेबल-16, ऑफिस चेयर-40, पुस्तकालय अलमीरा-5 मांगे थे। बिन्नी बाई सोनकर विद्यालय ने 100 स्कूल टेबल और बेंच, गनियारी विद्यालय ने 720 विद्यार्थियों के लिए टेबल, तिलक नगर गुढ़ियारी विद्यालय ने 300 विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर मांगे थे। माना कैंप विद्यालय ने 550 स्कूल टेबल-बेंच, स्टाफ के लिए 20 कुर्सी, 10 अलमीरा और 2 लॉकर अलमीरा मांगे थे। मोवा विद्यालय ने 100 स्कूल बेंच तो मोहबा बाजार स्थिति स्वामी आत्मानंद विद्यालय ने मात्र 28 बेंच मांगी थी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सैफ के हमलावर की हिरासत 29 तक बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने पिछले सप्ताह बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के घर में चोरी के प्रयास के दौरान उन्हें चाकू मारने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी



व्यक्ति की पुलिस हिरासत शुक्रवार को 29 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी। पुलिस ने आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फाकिर को पिछली हिरासत अवधि समाप्त होने पर बांद्रा में एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से उसकी सात और दिन की हिरासत मांगते हुए कहा कि मामले के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जांच की आवश्यकता है।

समिति के अध्यक्ष पाल ने कहा- टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने किया अपशब्दों का प्रयोग

# वक्फ बिल पर जेपीसी बैठक में हंगामा, ओवैसी और बनर्जी सहित 10 विपक्षी सांसद सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में शामिल 10 विपक्षी सदस्यों को अध्यक्ष जगदंबिका पाल के खिलाफ विरोध जताने तथा प्रक्रियाओं को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाए जाने के बाद एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सदस्यों ने पाल पर कार्यवाही को एक तमाशा बनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह सरकार के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

जेपीसी के अध्यक्ष पाल ने बैठक को बाधित करने के उद्देश्य से उनके आचरण की आलोचना की। समिति के अध्यक्ष पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पाल ने कहा कि उन्होंने बैठक को व्यवस्थित करने का ⏭ शेष पेज 6 पर

### ओवैसी, सावंत सहित इन सदस्यों का निलंबन

निलंबित सदस्यों में बनर्जी और नदीम-उल हक (तृणमूल कांग्रेस), मोहम्मद जावेद, इमरान मसूद और सैयद नासिर हुसैन (कांग्रेस), ए राजा और मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम), मोहिबुल्लाह (सपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी) शामिल हैं।



### मैंने कभी विपक्ष को नहीं रोका : निशिकांत

हंगामे और इस एक्शन के बीच निशिकांत दुबे ने कहा,'मैंने विपक्ष को कभी नहीं रोका।

### भाजपा सांसद मनमानी कर रहे : बनर्जी

सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बीजेपी सांसदों के जो मन में आ रहा है, वह बोल रहे हैं।

### लोकसभा स्पीकर को विपक्षी लिखेंगे पत्र

सूत्रों के मुताबिक वक्फ जेपीसी में शामिल विपक्षी सदस्य चेयरमैन की शिकायत लोकसभा के स्पीकर से करेंगे। वक्फ की जेपीसी में शामिल विपक्षी सदस्य लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखने जा रहे हैं। पत्र में शिकायत करेंगे कि जेपीसी की बैठक को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। जल्दबाजी की जा रही है, रात में अचानक बैठक की तारीख और एजेंडा में बदलाव किया जा रहा है।

### इस बात को लेकर हुआ हंगामा

समिति की बैठक हंगामेदार ढंग से शुरू हुई और विपक्षी सदस्यों ने अध्यक्ष पर कार्यवाही में बाधा डालने और मनमानी से बैठक का एजेंडा बदलने का आरोप लगाया। एक संक्षिप्त स्थगन के बाद दोबारा बुलाई गई समिति की बैठक में विरोध और हंगामा जारी रहने के कारण 10 विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। बनर्जी ने कहा, "21 जनवरी को हमारी बैठक के बाद, अध्यक्ष ने सदस्यों को सूचित किया था कि अगली बैठक 24-25 जनवरी को होगी। विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया और ए राजा ने भी पत्र लिखकर 30 या 31 जनवरी के बाद बैठक निर्धारित करने का अनुरोध किया। लेकिन अध्यक्ष ने हमारी बात नहीं सुनी।" उन्होंने कहा कि शुक्रवार की बैठक का एजेंडा गुरुवार देर रात बदल दिया गया और आधी रात के करीब सदस्यों को सूचित किया गया।

# भाजपा ने मेयर के दावेदारों का पैनल भेजा दिल्ली, वहां से मंजूरी के बाद आज होगा ऐलान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेश के नगर निगमों के भाजपा के मेयर प्रत्याशियों के पैनल पर चुनाव समिति में मंथन के बाद राष्ट्रीय संगठन को भेजा गया है। वहां से मंजूरी के बाद इसका शनिवार को ऐलान होगा। इसी के साथ नगर पालिकाओं के अध्यक्ष प्रत्याशियों के पैनल पर मंथन के बाद भाजपा प्रदेश चुनाव समिति ने प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर दिए हैं। इनके नामों का ऐलान भी शनिवार को हो जाएगा। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशाध्यक्ष ⏭ शेष पेज 6 पर

- शिव प्रकाश, नितिन नवीन ने ली ठाकरे परिसर में मैराथन बैठकें, मुख्यमंत्री साय भी रहे मौजूद

### चुनाव समिति में अंतिम मंथन

रात को अंत में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई। इसमें शिव प्रकाश, नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, समिति ⏭ शेष पेज 6 पर

# फिटजी कोचिंग की देशभर में कई ब्रांच बंद, हंगामा

- पुलिस में दर्ज कराई शिकायत फीस वापसी की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर भारत के कई जगहों पर कोचिंग सेंटर एफआईआईटी जी की कई ब्रांच बंद होने से हंगामा मच गया है। नई दिल्ली सहित देश के अन्य राज्यों में भी ब्रांच के अचानक बंद होने से हजारों छात्रों व अभिभावकों में गुस्सा है जिन्होंने फीस वापसी की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि जब सेंटर ही बंद हो गया है तो कंपनी वालों को बच्चों की फीस वापस करनी चाहिए।

### घबराएं नहीं सभी का पैसा होगा वापस

इस मामले को लेकर नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि उनकी फिट जी के चेयरमैन से बात हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है, उनका पैसा वापस दिलाया जाएगा और कोचिंग सेंटर भी खोले जाएंगे। बता दें, फिट जी के कई शिक्षकों और कर्मचारियों को पिछले कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया है, जिससे शिक्षक भी पढ़ाने नहीं पहुंच रहे हैं।

# दस हजार की रिश्वत लेते हवलदार-आरक्षक पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने हवलदार और आरक्षक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार प्रार्थी महेन्द्र साहू निवासी ग्राम गिरसा थाना सरसींवा जिला सारंगढ़ द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में शिकायत की गई थी कि उसके और उसके पिता के मध्य विवाद हुआ था जिसकी शिकायत उसके पिता ने थाना सरसीवा जिला सारंगढ़ में की थी। शिकायत के निपटारे के लिये हवलदार सुमत डहरिया एवं आरक्षक कमल किशोर द्वारा 18,000 रुपए की मांग की गई थी जिसमें से 1500 रुपए पेटीएम एवं 5000 रुपए नगद तत्काल उससे ले लिया गया था और बची हुई रकम की मांग बार-बार उससे की जा रही थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि उन दोनों को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत का ⏭ शेष पेज 6 पर





- सारंगढ़ - बिलाईगढ ज़िले के सरसीवां थाना में हुई कार्रवाई

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
(DEEMED TO BE UNIVERSITY)
SAAT-2025
Empowering students for a brighter future
EMERGING B.TECH PROGRAMMES IN COMPUTING
- Computer Science and Engineering (AI and ML)
- Computer Science and Engineering (Cyber Security)
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Internet of Things)
APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

### वायनाड में बाघ ने फिर महिला को मार डाला

**वायनाड।** जिले के मनंतावडी गांव के प्रियदर्शिनी एस्टेट में शुक्रवार की सुबह, बाघ ने फिर हमला कर दिया जिसमें 47 वर्षीय



एक महिला की मौत हो गई जिसके बाद क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। केरल के वन मंत्री ससीन्द्रन ने बताया कि बाघ को पकड़ने और मारने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सुबह महिला कॉफी तोड़ने गई थी, तभी बाघ ने हमला कर उसे मार डाला।

### मप्र के 17 शहरों में शराब की दुकानें होंगी बंद

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के



धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण 17 शहरों में शराब की दुकानें बंद करने का फैसला किया है। इन 17 शहरों में एक नगर निगम, छह नगर पालिकाएं, छह नगर परिषद और छह ग्राम पंचायतें शामिल हैं। ये दुकानें किसी अन्य जगह पर स्थानांतरित नहीं की जाएंगी।




## चिंतन

# नियम आधारित वैश्विक व्यापार वक्त की जरूरत

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की पांच दिवसीय बैठक के आखिरी दिन विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की मजबूती पर जोर दिया है। विश्व में बढ़ते जियो पॉलिटिकल टेंशन, युद्ध और हिंसक संघर्ष की स्थिति और खंडित आर्थिक परिवेश और संरक्षणवादी व अस्थिर अमेरिकी नीति के दौर में डब्ल्यूटीओ का नियम आधारित वैश्विक व्यापार की वकालत करना भारत जैसे तेजी से विकसित बन रहे देश के लिए लाभकारी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका ने जिस प्रकार से संरक्षणवाद को बढ़ाया है, क्लाइमेट करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका हटा है, डब्ल्यूईएफ की बैठक में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल स्तर पर टैरिफ की धमकी दी है, उसके बाद से नियम आधारित बहुपक्षीय ग्लोबल ट्रेड का महत्व और बढ़ गया है। जो देश गैट पर हस्ताक्षरित हैं और डब्ल्यूटीओ के नियम कायदों से बंधे हुए हैं, उनके लिए जरूरी है कि विश्व के सभी सदस्य देश वैश्विक नियम कायदों को मानें, अपनी मनमानियां न करें। चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करता रहा है, अब अगर अमेरिका भी वैश्विक संस्थानों का सम्मान करने में कोताही बरतेगा या आनाकानी करेगा तो निश्चित ग्लोबल ट्रेड में अराजकता की स्थिति पैदा होगी। स्विट्जरलैंड के दावोस में 20 जनवरी को विश्व आर्थिक मंच की बैठक शुरू हुई थी, 24 जनवरी को पांचवें दिन इसका समापन हुआ। इस दौरान विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अर्थव्यवस्था को लेकर अपने दृष्टिकोण रखे। यूं तो विश्व आर्थिक मंच कोई ग्लोबल निकाय नहीं है, जो कोई आदेश या नियम जारी कर सकता है, लेकिन यह ऐसा वैश्विक मंच जरूर है, जहां विश्व की अर्थव्यवस्था की नब्ज का पता जरूर चल जाता है। भारत डब्ल्यूईएफ की बैठक को गंभीरता से लेता रहा है और बड़ा प्रतिनिधिमंडल इसमें भेजता रहा है। इस बार भी भारत ने शानदार तरीके से शिरकत की और अपनी आर्थिक धमक की छाप छोड़ी। भारत ने कहा कि वह जल प्रबंधन पर वैश्विक समुदायों को सहयोग करने के लिए तैयार है। भारत ने दुनिया से जल संरक्षण प्रयासों में शामिल होने का आह्वान किया और सभी देशों से न्यायसंगत जल प्रबंधन के लिए आगे आने का भी आग्रह किया। जल-सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तनकारी चर्चाएं शुरू करने को भारत प्रतिबद्ध है। डिजिटल उपलब्धियों की भी बात की और अपनी क्षमता से विश्व को परिचित कराया। इस वर्ष डब्ल्यूईएफ की थीम है बुद्धिमान युग के लिए सहयोग। बैठक का फोकस इस क्षेत्र में वैश्विक सहयोग बढ़ाने पर रहा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नवीनीकरण ऊर्जा, और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में प्रगति को लेकर भारत चर्चा के केंद्र में रहा। मुख्य सत्र में भारत ने एआई, एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेश निवेश) और लाभकारी निवेश गंतव्यः इन्वेस्ट इंडिया जैसे मुद्दों पर दुनिया के निवेशकों का ध्यान आकृष्ट किया। विश्व को कठिन आर्थिक परिस्थिति, मानवता के कल्याण और मानवीय विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान भी किया। वैश्विक अर्थवयवस्था में आ रही चुनौतियों से सामूहिक रूप से निपटने की बात कही। डब्ल्यूटीओ का मौजूदा आर्थिक परिदृश्य से जुड़े खतरों को लेकर आगाह करना विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों को जगाने जैसा है। विश्व स्तर पर व्यापारिक तनाव के दौर में स्थिर नियामकीय स्थितियां और कानूनी निश्चितता अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं, और विश्व में नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली जरूरी है।

## विमर्श

विवेक शुक्ला



# नीरज की सादगी भरी शादी करेगी नौजवानों को प्रेरित

गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने बीते दिनों टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से सादगी से शादी करके एक बार फिर साबित कर दिया कि वो खेल के मैदान से बाहर भी करोड़ों हिन्दुस्तानियों के नायक हैं। उन्हें प्रेरित करते हैं। नीरज चोपड़ा चाहते तो किसी फाइव स्टार होटल में सैकड़ों लोगों के बीच भव्य विवाह कर सकते थे। उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। पर उन्होंने तड़क-भड़क से दूर रहना पसंद किया। महेन्द्र सिंह धोनी ने भी सादगी से विवाह किया था। धोनी और नीरज चोपड़ा दोनों ही कमाल के इंसान हैं। धोनी की शादी में गिनती के ही लोगों को निमंत्रण दिया गया था। उन्होंने टीम इंडिया के भी अपने कई साथियों को आमंत्रित करना जरूरी नहीं समझा था। आप जिंदगी के किसी क्षेत्र में सफल होकर धन कमाएं इसमें किसी को क्या एतराज होगा। लेकिन, आप पैसे की बर्बादी करें इसे कौन वाजिब ठहरा सकता है। यह बात भी नहीं हैं कि बड़े सेलिब्रेटीज सादगी से शादी नहीं कर रहे। अब भी हमारे समाज में ही इस तरह के कुछ खास लोग मौजूद हैं। कुछ साल पहले महिन्द्रा एंड महिन्द्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिन्द्रा की पुत्री आलिका महिन्द्रा ने एक अनाम युवक से अमेरिका में विवाह कर लिया। उसमें महिन्द्र परिवार से कुछ ही लोग पहुंचे। विवाह बेहद सादे अंदाज में हुआ। उसमें कोई तड़क-भड़क नहीं थीं। सादगी से शादी करना क्यों ज़रूरी है, इसके कई कारण हो सकते हैं, जो व्यक्तिगत मान्यताओं, मूल्यों और प्राथमिकताओं पर निर्भर करते हैं। भव्य शादियों में बहुत अधिक खर्च होता है। सादगी से शादी करने पर आप पैसे बचा सकते हैं और उन्हें भविष्य के लिए निवेश कर सकते हैं। सादगी से शादी करने पर आपका ध्यान दिखावे की बजाय उन लोगों पर होता है जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं-आपका परिवार और करीबी दोस्त। जरूरी नहीं कि भव्य शादियां ही यादगार हों। सादगी से शादी करने पर आप उन पलों को अधिक महत्व देते हैं जो वास्तव में मायने रखते हैं, जिससे यह अनुभव और भी यादगार बन जाता है। कई बार भव्य शादियों में लोग दूसरों को खुश करने या सामाजिक दबाव में आकर अपनी पहचान खो देते हैं। सादगी से शादी करने पर आप अपनी पसंद और प्राथमिकताओं के अनुसार निर्णय ले सकते हैं। कुल मिलाकर, सादगी से शादी करना आपकी जीवनशैली, मूल्यों और भविष्य की योजनाओं के अनुरूप होना चाहिए। नीरज चोपड़ा की शादी के बहाने याद आ रही है विराट कोहली और हरभजन सिंह की शादियां। इन दोनों की शादी रिसेप्शन में बहुत बड़ी तादाद में मेहमान पहुंचे थे। हालांकि इनके विवाह के बाद कुछ लोगों ने कहा था कि इन्हें शादी में पैसे की बर्बादी से बचना चाहिए था। क्या सेलिब्रेटी सादगी से जीवन बिता ही नहीं सकते? आखिर आप लाखों-करोड़ों लोगों के रोल मॉडल हैं। आखिर हमारे इधर शादियों में इतने पैसे की बर्बादी क्यों होने लगी है। मिडिल क्लास परिवारों की शादियों में भी 30-35 लाख रुपया एक पक्ष का खर्च होने लगा है। कायदे से देखा जाए तो सामाजिक-धार्मिक-राजनीतिक नेताओं को शादियों में होने वाली फिजूलखर्जी पर रोक के खिलाफ आगे आना चाहिए। बेशक,विवाह समारोह के खिलाफ कोई भी नहीं होगा। विवाह समारोह तो खुशी के लिए होता है। पर इसके खर्च में तो कटौती होनी चाहिए। शादी में कर्ज लेकर केवल खुशी के नाम पर पानी की तरह पैसा खर्च करना समझदारी नहीं है। यह सभ्य समाज की निशानी नहीं मानी जा सकती। जहां शादियों में फिजूलखर्जी लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं ज्यादा से ज्यादा दहेज देने का सिलसिला भी चल रहा है। इस पर किसी तरह की कोई लगाम नहीं लग रही है। कुछ इस तरह की खबरें मीडिया में आती रहती हैं कि किसी युवती ने उस बारात को लौटाया जो वहां वधू पक्ष से दहेज की मांग कर रहा था। पर कुल मिलाकर हालात कोई बहुत बेहतर नहीं हैं। 1961 में दहेज लेना और देना दोनों को कानूनन अपराध माना गया। मगर आज भी दहेज की मांग की जाती है। कुछ लड़के डिमांड करते हैं, तो कुछ उसके परिवार वाले। कुछ साल पहले तक लग रहा था कि दहेज लेने-देने का चलन खत्म हो जाएगा। अफसोस कि नए दौर के नौजवान भी दहेज लेने-देने से बाज नहीं आ रहे। प्रेम विवाहों में भी दहेज लिया-दिया जा रहा है। अब तो छोटे शहरों की शादियों पंडालों के बाहर ही आप नई चमचमाती कार को देख सकते हैं,जो खड़ी की गई होती है वधू पक्ष की तरफ से दूल्हें को देने के लिए। बहरहाल , नीरज चोपड़ा ने एक सादगी से विवाह करके एक उदाहरण तो पेश किया है। उम्मीद करनी चाहिए कि उनके इस शानदार कदम से बहुत से नौजवान प्रभावित होकर सादगी से विवाह करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दिल्ली चुनाव

राज कुमार सिंह

# दिलचस्प बनी त्रिकोणीय चुनावी जंग

दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी।

एक दशक बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव को दिलचस्प बनाने का श्रेय उस दल को है, जिसका पिछले दो चुनावों में खाता तक नहीं खुल पाया। पिछले दो चुनाव में एकतरफा जीती आम आदमी पार्टी (आप) को इस बार बहुमत का आंकड़ा पाने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर इसीलिए लगाना पड़ रहा है कि लगभग छह महीने पहले लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ी कांग्रेस ने भी उसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। बेशक पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को साढ़े चार प्रतिशत से भी कम वोट मिले थे, लेकिन जब लड़ाई कांटे की हो जाये, तब दो-चार प्रतिशत मतों से भी बाजी पलट जाती है।

दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी। केजरीवाल ने पलटवार किया कि राहुल कांग्रेस को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। केजरीवाल को मोदी की तरह ही झूठे वायदों के लिए कठघरे में खड़ा करने से ऐसा लग सकता है कि कांग्रेस अपने दोनों राजनीतिक विरोधियों पर समान रूप से हमलावर है, लेकिन असल में उसके निशाने पर आप ज्यादा है। जिस शराब नीति घोटाले में केजरीवाल समेत प्रमुख आप नेता जेल गये, उसकी शिकायत कभी कांग्रेस ने ही की थी। हाल ही में आप की महिला सम्मान योजना की शिकायत भी कांग्रेस ने ही उप राज्यपाल से की।

नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से केजरीवाल के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने पंजाब पुलिस द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों की जासूसी तथा चुनाव के लिए पंजाब से दिल्ली कैश लाये जाने की शिकायत भी उप राज्यपाल से की। जाहिर है, तत्काल जांच भी शुरू हो गयी। कथित शीशमहल के मुद्दे पर भी कांग्रेस, भाजपा से कम आक्रामक नहीं है। कांग्रेस इस बार आप के प्रमुख नेताओं की चुनावी घेराबंदी भी कर रही है। संदीप दीक्षित तो तीन बार कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित के पुत्र हैं ही, मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि उप मुख्ममंत्री रहे मनीष सिसोदिया के विरुद्ध पूर्व मेयर फरहाद सूरी को चुनावी मैदान में उतारा है। चुनावी रणनीति की दृष्टि से यह भी महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस का फोकस उन दो दर्जन सीटों पर ज्यादा है, जो झुग्गी-झोपड़ी और अल्पसंख्यक बहुल हैं। गरीब, दलित और अल्पसंख्यक दिल्ली में कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक रहे, लेकिन 2013 में बनी आप धीरे-धीरे उन्हें अपने पाले में ले गयी। बेशक इसके लिए खुद कांग्रेस भी कम जिम्मेदार नहीं। यह देखते हुए भी कि उसी



की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर जन लोकपाल आंदोलन करने वाले अन्ना हजारे के कुछ शिष्यों द्वारा बनायी गयी आप ने पहले ही चुनाव में पैरों तले की जमीन छीन ली है।

कांग्रेस ने 2013 के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली में बनवा दी। जब आप ही दिल्ली की राजनीति में भाजपा को चुनौती देती दिखी तो कांग्रेस के वोट बैंक का और भी बड़ा हिस्सा उसके पाले में चला गया। बेशक उसमें केजरीवाल की लोक लुभावन घोषणाओं की बड़ी भूमिका रही, लेकिन परिणाम यह निकला कि लगातार तीन बार सरकार बनाने वाली कांग्रेस, जो 2013 में आठ सीटों पर सिमट गयी थी, 2015 और 2020 में खाता तक नहीं खोल पायी। यह समझना मुश्किल नहीं कि आप मूलतः कांग्रेस से छीने गये जनाधार पर ही खड़ी है। गिरते मत प्रतिशत के चलते कांग्रेस के कुछ नेता भी दूसरे दलों में चले गये। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ने के छह महीने बाद ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के आक्रामक तेवरों के मूल में आलाकमान पर बढ़ता यह दबाव भी है कि देश की राजधानी में ही पार्टी अस्तित्व के संकट से रूबरू है। अगले लोकसभा चुनाव बहुत दूर हैं, तब की रणनीति तब देखी जायेगी। फिलहाल वक्त का तकाजा अपनी जमीन बचाने और खोयी जमीन वापस पाने का है, जिसके लिए 'इंडिया' गठबंधन में मित्र, छोटे और क्षेत्रीय दलों से भी कांग्रेस को टकरान पड़ेगा।

जाहिर है, दिल्ली और पंजाब की सत्ता कांग्रेस से छीनने वाली आप ने गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस के जनाधार में बड़ी सेंध लगाकर भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया है। 2015 में 70 में से 67 सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत हासिल करने वाली आप की पांच साल बाद पांच सीटें घट गयीं। जाहिर है, भाजपा की उतनी ही सीटें बढ़ गयीं। भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी उम्मीद है कि दस साल के शासन के बाद वह सत्ता विरोधी भावना और बढ़ी ही होगी। फिर इस बीच शराब नीति घोटाले और शीशमहल जैसे आरोपों ने केजरीवाल की 'श्रीमान ईमानदार' की उस छवि को भी खंडित तो किया ही है, जिसके सहारे वह ज्यादातर दलों और नेताओं को भ्रष्ट बताते रहे। इसीलिए आप सरकार की विफलताएं गिनाने से ज्यादा, भाजपा और कांग्रेस का जोर केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने पर है। भाजपा ने भी केजरीवाल के विरुद्ध अपने पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पूर्व सांसद बेटे प्रवेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है तो आतिशी के विरुद्ध भी एक पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है।

यह अलग बात है कि विवादास्पद बयानों से बिधूड़ी की छवि अभी तक तो नकारात्मक ही बनी है। लोक लुभावन वायदों में तो अब कोई दल किसी से पीछे रहता ही नहीं। तीनों दलों के, अलग-अलग नामकरण से जारी चुनाव घोषणापत्रों में मुफ्त की रेवड़ियों की भरमार भी इसकी पुष्टि करती है। शह-मात के इस खेल में हर दिन नयी लोक लुभावन घोषणाओं की नयी परंपरा शुरू हो गयी है। ऐसे में अब चुनाव साख और प्रबंधन पर ज्यादा निर्भर है। कांग्रेस की कोशिश अपना वोट बैंक वापस छीनने की है, तो भाजपा की पूरी कवायद आप को बहुमत के आंकड़े (36 सीट) से नीचे रोकने की है। पिछले तीनों लोकसभा चुनावों में सभी सात सीटें जीतने के बावजूद विधानसभा चुनाव में अपमानजनक हार झेलने को मजबूर भाजपा किसी भी तरह दिल्ली की सत्ता से अपना वनवास समाप्त करना चाहती है, जिसे 27 साल होने वाले हैं। अब देखना यह है कि तीन प्रमुख दलों में से किसकी मनोकामना पूरी हो पाती है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित

**दर्शन**

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हृष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित

**प्रेरणा**

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों को वेतन पेंशन देने का औचित्य

भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है, जो इस माह अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लेखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक 'सुविधा और लाभ' की ओर झुका हुआ है।

**- विवेक जोशी, दुर्ग**

## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई



उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के सभी भाई-बहनों को ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित-नए अध्याय रचने में जुटी है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बीजेपी अपना विजन बताए



अमित शाह से मेरा निवेदन है कि जो आम आदमी पार्टी की दिल्ली में पहले से लागू योजनाएं हैं जैसे फ्री बिजली/पानी, उनका फिर से बीजेपी के संकल्प पत्र में ऐलान मत कर देना प्लीज़। बीजेपी का अपना क्या प्लान और विज़न है, वो बताना।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### सरकार की प्रतिबद्धता



जीवन-घातक आपात स्थिति के रूप में, स्ट्रोक को तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता होती है। स्ट्रोक यूनिट नेटवर्क के विस्तार का सरकार का निर्णय सार्वजनिक स्वास्थ्य और गंभीर देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी**

### रामायण का प्रसंग



हाल ही में राज्य नेता ने रामायण के एक प्रसंग के ऊपर जो नया संस्करण बताया उसके तथ्य को ढूंढने की बहुत कोशिश की पर कोई प्रमाण नहीं मिला, इसीलिये महत्वपूर्ण हो गया है कि पाठ्यक्रम के माध्यम से सही मार्गदर्शन दिया जाए।

**- सुनील लहरी, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# सेना में भर्ती के लिए युवाओं को आकर्षित कर रहा यूक्रेन



यूक्रेन में राष्ट्रपति कार्यालय में हाल में नियुक्त युद्धक्षेत्र कमांडर ने कहा है कि देश अपनी युद्ध क्षमता को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 18 से 25 साल के युवाओं को आकर्षित करने के लिए भर्ती सुधार प्रक्रिया के अंतिम चरण में है। राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कर्नल पावलो पालिसा ने पद संभालने के बाद विदेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन नए भर्ती विकल्प तलाश रहा है, क्योंकि सोवियत काल से विरासत में मिली वर्तमान भर्ती प्रणाली प्रगति में बाधा बन रही है। हालांकि यूक्रेन ने पिछले साल कानून पारित कर भर्ती की आयु 27 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष कर दी थी, लेकिन इन उपायों का उतना प्रभाव नहीं पड़ा है, जितना कि रूस से युद्ध में सैनिकों की संख्या बढ़ाने या युद्ध के मैदान में हुई क्षति की भरपाई करने के लिए आवश्यक था। पालिसा के अनुसार यूक्रेन एक योजना पर काम कर रहा है, जिसमें वित्तीय प्रोत्साहन, प्रशिक्षण की गारंटी और सैनिकों व उनके कमांडरों के बीच संवाद सुनिश्चित करने के उपाय शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष के युवाओं को आकर्षित करना है, जिन्हें फिलहाल सैन्य सेवा से छूट प्राप्त है।

## ऑफ बीट

# युद्ध घातक सूक्ष्मजीवों को बढ़ाने का काम करता है



इजराइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद गाजा में युद्ध ने कई तरीके से अपने निशान छोड़े हैं। एक पहलू यह भी है कि कैसे अराजकता रोगाणुरोधी प्रतिरोध को बढ़ाने में सहायक साबित होती है। इस स्थिति में यह सूक्ष्मजीव उन दवाओं का सामना करने के काबिल हो जाते हैं, जिन्हें इन सूक्ष्मजीवों को मारने के लिए बनाया गया था। ये सूक्ष्मजीव 'सुपरबग' में बदल जाते हैं, जो पहले प्रभावी उपचारों को अप्रभावी बना देते हैं और वे संक्रमण, जिससे आप अतीत में उबर चुके हैं उसे घातक बना देते हैं। हम पहले ही गाजा और दुनिया भर के अन्य संघर्ष क्षेत्रों में रोगाणुरोधी प्रतिरोध के उदाहरण देख चुके हैं। रोगाणुरोधी प्रतिरोध वैश्विक स्तर पर एक बढ़ती हुई समस्या है। यह न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि कृषि, खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्थाओं को भी खतरे में डालती है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रबंधन जटिल है और इसके संक्रमण को रोकने, रोगाणुरोधी एजेंटों के उपयोग पर सीमाएं और मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सहित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली होती है बाधित सशस्त्र संघर्ष स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को तबाह कर देते हैं। ऐसे संघर्ष अक्सर सीमित संसाधनों वाली जगहों पर होते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


Reliance
Growth is Life
SMART BAZAAR
MEHENGAI KA METER
LOW
HIGH
महंगाई का मीटर होगा फेल,
आ गया
फुल पैसा वसूल सेल
आखिरी दिन 2
22nd - 26th JAN
भारत चना दाल 1 kg / चावल 10 kg
₹34 /kg
स्मार्ट कीमत ₹70/ ₹340
एमआरपी ₹70 / ₹340
किंग्स रिफाइंड 840 g / गुड लाइफ सोयाबीन ऑयल 1 L
स्मार्ट कीमत ₹125/ ₹129
एमआरपी ₹140 / ₹185
बचाइए ₹15 / ₹56
बिस्किट लार्ज पैक / रस्क 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹120 या उससे अधिक/यूनिट
स्पेशल ऑफर
BUY 2 CORNETTOS @ ₹49
सिर्फ 25 जनवरी को
रेड लेबल टी 1 kg
एमआरपी ₹560 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹380 या उससे अधिक
बचाइए ₹180
गुड लाइफ बादाम / काजू (W320) 500 g
स्मार्ट कीमत ₹409/ ₹449
एमआरपी ₹620 / ₹725
बचाइए ₹211 / ₹276
डिटर्जेन्ट पाउडर 5 kg या उससे अधिक / लिक्विड 4 L या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट
एमआरपी ₹565 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹379 या उससे अधिक
सोप 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 40% छूट
एमआरपी ₹175 या उससे अधिक
गुड लाइफ चीनी 5 kg / आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 10 kg
₹43.40 /kg
₹50 की छूट किसी भी खाद्य तेल पर एमआरपी ₹499
स्मार्ट कीमत ₹217
एमआरपी ₹300
बचाइए ₹83
स्प्राइट / कोका-कोला / फैंटा / थम्स अप / माज़ा 600 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 3 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹42 या उससे अधिक / यूनिट
टूथपेस्ट 160 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी ₹212 या उससे अधिक
शैम्पू 1 L (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 60% छूट
एमआरपी ₹1030 या उससे अधिक
बचाइए ₹412 या उससे अधिक
चॉकलेट होम पैक (कैडबरी पर्क / डेयरी मिल्क / जेम्स / 5 स्टार / नेस्ले किट कैट/ मंच) 118 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹100 या उससे अधिक / यूनिट
3 पीस ब्रांडेड हार्ड ट्रॉली सेट
एमआरपी ₹26000
स्मार्ट कीमत ₹4999
शर्ट्स, टी-शर्ट्स, जीन्स, ड्रेसेस, कुर्ते और भी बहुत कुछ
BUY 1 GET 1 FREE
₹199 से शुरुआत
ARVIND
Raymond Home
TRIDENT
100% कॉटन डबल बेडशीट सेट पिलो कवर के साथ
एमआरपी ₹2699 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹699
स्मार्ट कीमत ₹1999
SINGER Surya flame LYF Kelvinator
3 ब्रास बर्नर ग्लासटॉप गैस स्टोव
एमआरपी ₹7560 या उससे अधिक
रायपुर: अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, विधानसभा रोड, मोवा. • मैग्नेटो द मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जीई रोड. • सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, पंडरी. • चंद्रा स्कवेयर, विधानसभा रोड़, मोवा • कलर्स मॉल, पचपेड़ी नाका. बिलासपुर : सिटी मॉल 36, पहली मंजिल, मुन्हेली रोड, मंगला स्क्वेयर • MMIPL कॉम्पलेक्स, दुबई स्वीट्स के सामने, तारबाहर रोड़, टैगोर चौक • रामा मैग्नेटो मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, • स्वर्ण प्लाजा, SECL कॉलोनी के पास, राज किशोर नगर, वसंत विहार चौक, सीपत रोड. • रायगढ़ : ग्रैंड मॉल, दूसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर रोड के पास • शाह कॉम्पलेक्स, ट्रैफिक पुलिस ऑफिस के पास, दरोगापारा, गौशाला रोड़ भिलाई: सूर्या ट्रेज़र आइलैंड मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, स्मृति नगर कोरबा: द पाम मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, टी.पी. नगर जगदलपुर: बिनाका हेरिटेज, बिनाका मॉल के पास, चित्रकूट रोड़ अम्बिकापुर: चंडीग्राम प्लाज़ा, खारिसा रोड, अग्रसेन स्क्वेयर.
10% INSTANT DISCOUNT#
SBI card
#Min. Trxn.: ₹3,000; Max. Discount: ₹500 per Trxn.; Valid only on one Trxn. per credit card; Validity: 22 Jan - 26 Jan 2025. T&C Apply.
ऑफर्स संबंधी अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
अपना नजदीकी स्टोर पता करने के लिये स्कैन करें
ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
SMART BAZAAR
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। होमवेअर और अपैरल ऑफ़र्स चुनिंदा स्मार्ट बाजार पर वैध। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 26 जनवरी 2025 तक मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों केअनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।



# फिल्म 'जाट' का नया पोस्टर हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** 'गदर 2' से तहलका मचाने के बाद सनी देओल अपनी फिल्म 'जाट'लेकर आने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने एक पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। नए पोस्टर में सनी देओल एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। सनी देओल की एक्शन फिल्म 'जाट'सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। इससे पहले दिसंबर में इसका धांसू टीजर भी रिलीज किया गया था। शुक्रवार की सुबह निर्माताओं ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर नए पोस्टर के साथ लिखा, 'एक्शन सुपरस्टार सनी देओल बड़े पर्दे पर बिना किसी रोक के एक्शन अवतार के साथ आ रहे हैं।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## शादी के बाद तिरुपति में बसने की है प्लानिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिवंगत सुपरस्टार श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर बी टाउन की यंग ब्रिगेड की टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं। 2018 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। धड़क से लेकर मिस्टर एंड मिसेज माही तक, अभिनेत्री ने अब तक निभाई हर भूमिका में अपने टैलेंट का लोहा मनवाया है।

अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। दोनों कैफे से लेकर मंदिर तक साथ स्पॉट होते रहते हैं। वहीं, हाल ही में जाह्नवी कपूर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक्ट्रेस अपने वेडिंग प्लान के बारे में बताती हुई नजर आई थीं। उस दौरान करण जौहर भी उनके साथ ही बैठे थे। स्टारी नाइट्स विद कोमल नहाटा के एक एपिसोड के दौरान, जाह्नवी कपूर ने अपने वेडिंग प्लान का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था, 'मेरी शादी करने और अपने पति और अपने तीन बच्चों के साथ तिरुमाला, तिरुपति में बसने की प्लानिंग है और हम हर दिन केले के पत्तों पर खाना खाएंगे और 'गोविंदा, गोविंदा' सुनेंगे।' और मैं अपने बालों में मोगरा लगाऊंगी, सुबह मणिरत्नम का म्यूजिक सुनूंगी, अपने पति को लुंगी में चंपी करूंगी।' हालांकि, डायरेक्टर करण जौहर, जो इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर के साथ मौजूद थे वे एक्ट्रेस के वेडिंग प्लान से जरा भी इम्प्रेस नहीं दिखे थे। उन्होंने तुरंत इस आइडिया को खारिज करते हुए कहा था, 'लुंगी पहनकर बैठे और केले के पत्ते से खाना खाते हुए एक आदमी में रोमांटिक क्या है?'



# नयनतारा 'टॉक्सिक' का बनीं हिस्सा

**मुंबई।** नयनतारा निर्देशक गीतू मोहनदास की आगामी फिल्म टॉक्सिक में मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि निर्माताओं ने अभी तक फिल्म के कलाकारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने पुष्टि की है कि नयनतारा वास्तव में फिल्म का हिस्सा हैं। अभिनेता ने यह भी कहा कि वह फिल्म के बारे में अधिक खुलासा नहीं करना चाहेंगे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अक्षय ने कहा, 'मैं अभी रॉकिंग स्टार यश के साथ टॉक्सिक की शूटिंग कर रहा हूं। नयनतारा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मैं फिल्म के कलाकारों के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता, क्योंकि टीम को यह पसंद नहीं आएगा। मुझे गीतू मोहनदास बहुत पसंद हैं, जो फिल्म की निर्देशक हैं।' इससे पहले ऐसी अफवाहें उड़ी थीं कि नयनतारा ने फिल्म में करीना कपूर खान की जगह ली है। खबर थी कि नयनतारा यश की बड़ी बहन का किरदार निभा सकती हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। 8 जनवरी को निर्माताओं ने टॉक्सिक की एक झलक साझा की, जिससे फैंस को फिल्म में यश के किरदार की झलक मिली। प्रोमो में एक तेजतर्रार यश को दिखाया गया है, जो एक पार्टी जैसे सेट-अप में एक महिला के साथ इंटीमेट होते हुए दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, टॉक्सिक में कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया और श्रुति हासन भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म एक गैंगस्टर थ्रिलर है, जो गोवा में ड्रग व्यापार को आगे बढ़ाएगी। टॉक्सिक को पहले 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। हालाँकि, अब इसे स्थगित कर दिया गया है।



# कर्नाटक स्टेट फिल्म अवॉर्ड लेने से किया मना

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप की मैक्स 25 दिसंबर को रिलीज हुई थी, जिसने 50 से 60 करोड़ के बजट में 60–62 करोड़ का कलेक्शन अपने नाम किया था। वहीं, कन्नड़ की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई थी। लेकिन, हिट फिल्म देने के बावजूद हाल ही में एक्टर किच्चा सुदीप ने कर्नाटक स्टेट फिल्म अवॉर्ड लेने से मना कर दिया है। कन्नड़ एक्टर किच्चा सुदीप ने 2019 की फिल्म पैलवान में अपनी भूमिका के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार के लिए बेस्ट एक्टर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद इस सम्मान को अस्वीकार कर दिया।उन्होंने यह कहते हुए इस सम्मान को अस्वीकार कर दिया कि उन्होंने कई साल पहले पुरस्कार न लेने का पर्सनली फैसला लिया था, जिसे वह जारी रखना चाहते हैं। एक्टर ने एक्स पर लिखा, कर्नाटक सरकार और जूरी के सदस्यों का आदरणीय, बेस्ट एक्टर कैटेगरी में राज्य पुरस्कार प्राप्त करना वास्तव में मेरे लिए सौभाग्य की बात है, और मैं इस सम्मान के लिए सम्मानित जूरी को दिल से धन्यवाद कहना चाहता हूं। हालांकि, मुझे यह व्यक्त करना चाहिए कि मैंने कई वर्षों से पुरस्कार लेना बंद कर दिया है, यह फैसला लेना का मेरा पर्सनल कारण है, जिसे मैं बरकरार रखना चाहता हूं। ऐसे कई योग्य एक्टर हैं, जिन्होंने अपने काम में अपना दिल लगाया है और वे इस प्रतिष्ठित सम्मान की मुझसे कहीं अधिक सराहना करेंगे। उनमें से किसी एक को यह सम्मान प्राप्त करते देखना मेरे लिए और भी अधिक खुशी की बात होगी।



# झुग्गियों से उठी नन्ही 'सजदा' थी बाल मजदूर



**नई दिल्ली।** ऑस्कर 2025 के नॉमिनेशन की घोषणा हो चुकी है और लिस्ट में जगह बनाने वाली फिल्मों के बारे में खूब बातें हो रही हैं। इनमें से ही एक फिल्म है 'अनुजा'। इसकी लीड एक्ट्रेस की कहानी मजेदार है, जो झुग्गियों से उठकर फिल्मों में आई और अब सिनेमा की दुनिया में चमक रही है। गुरुवार को, जैसे ही 2025 ऑस्कर के लिए नॉमिनेशन की घोषणा की गई, फिल्मों को सर्च करने की होड़ लग गई। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' रेस में चूक गई लेकिन ऐसी कई फिल्में हैं जिनकी लगातार चर्चा हो रही है। हालांकि, भारत के लिए अभी भी थोड़ी एक्साइटमेंट बाकी है क्योंकि दिल्ली पर बेस्ड एक शॉर्ट फिल्म 'अनुजा' को बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म के लिए नॉमिनेट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा, मिंडी कलिंग और गुनीत मोंगा जैसे नामों से से सजी फिल्म 'अनुजा' ऑस्कर की दौड़ में है। लेकिन सबका ध्यान फिल्म की कमान संभालने वाली 9 साल की बच्ची पर है। सजदा दिल्ली में बाल मजदूर थी। सलाम बालक ट्रस्ट ने उसे बचाया और वह फिलहाल एनजीओ के एसबीटी डे केयर सेंटर में रहती है। सलाम बालक ट्रस्ट की स्थापना 1988 में मीरा नायर की ऑस्कर नॉमिनेटेड फिल्म 'सलाम बॉम्बे' के पैसों से की गई थी।

## कौन हैं 'अनुजा' की यंग स्टार सजदा पठान

फिल्म की स्टार सजदा पठान की अपनी एक अलग ही खूबसूरत कहानी है। 'अनुजा' उनकी दूसरी फिल्म है। ये लड़की झुग्गियों से उठी थी और एक एनजीओ ने उसे बचाया था। उन्होंने पहले लेटिटिया कोलंबनी की एक फिल्म 'द ब्रेड' में काम किया था, जहां मिया मेल्ज़र के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया था।

## 9 वर्षीय लड़की की है कहानी

एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई के डायरेक्शन में बनी 'अनुजा' एक 9 वर्षीय लड़की की कहानी है। उसके पास दो ऑप्शन होते हैं- अपनी बहन के साथ पढ़ाई और कारखाने के काम। एक डिसीजन उसके भविष्य में मदद करेगा। फिल्म में साजदा पठान लीड रोल में हैं और अनन्या शानबाग उनकी बहन के रोल में हैं। नई दिल्ली में बनी इस फिल्म के मेकर्स गुनीत मोंगा, प्रियंका चोपड़ा और हॉलीवुड एक्टर मिंडी कलिंग हैं।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः -** 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. **ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.-** 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

**कार क्लीनर/कुक**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास, रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने तथा घर आकर कार की सफाई करने के लिए महिला/पुरुष (कार क्लीनर या कुक) की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता दी जाएगी। पान, गुटखा, तंबाकू या किसी प्रकार का नशा न करने वाले व्यक्ति **संपर्क करें। संपर्क नंबरः** 9300593000.(RO-1243)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर में 24x7 घरेलू कार्य करने हेतु एवं बच्चों को संभालने लड़की/ महिला की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। **संपर्क-** 9522220188.(RO-31)

**पैकिंग/लेबर कार्य**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। **मो .** 7469980000, 07714075490. (RO-2496)

**असिस्टेंट**

आवश्यकता है- रियल स्टेट में काम करने हेतु पर्सनल असिस्टेंट महिला की आवश्यकता है जो टूर पर जा सकें।उम्र 28 से 35 वर्ष अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार। **फोन नंबर** 8269944900.(RO-458)

**शॉपिंग मॉल वर्क**

आवश्यकता है- VPS किराना सुपर बाजार , भाठागाँव रायपुर में काम करने के लिये 18 वर्ष के ऊपर के युवक युवती कर्मचारी चाहिये , निवेदन ,अपने अपने आधार कार्ड भेजिये और ओरिजनल आधार कार्ड और उसकी फोटो कॉपी के साथ VPS पते में आकर मिले ,**संपर्क** ,VPS **भाठागाँव रायपुर** WHATSAPP **नंबर** 8109 199 199. (RO-M)

**टेलीकॉलर/टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता - 12वीं , टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव - 4, सर्विस टेक्निशियन - 2 , ऑफिस बॉय -1 **संपर्क :- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर** 9826652461. (RO-om)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**सुरक्षाकर्मी**

आवश्यकता है- Blue Light Intelligence Security में सुरक्षा कर्मियों की तत्काल आवश्यकता है। Job Location - Kachna, Telibandha, Raipur , Vijay - 6261704334. (RO-822)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।**(RO-444)

आवश्यकता है- थोक दुकान में परमानेंट कार्य हेतु दुकान-दुकान सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है योग्यता 8+ उम्र 16 से 25 वर्ष। ट्रेनिंग + रहना + खाना फ्री। ट्रेनिंग बाद 7000 से 20,000 **संपर्कः- उतई दुर्ग मो.**97544.09440, 99930-31494. (आरो न.-660)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल** 9300188811.(RO-7443)

**मार्केटिंग/सेल्समैन**

आवश्यकता है- हगीस डायपर ( बच्चों का ) रायपुर में मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की जो जनरल वा मेडिकल मार्केट के बारे में जानकारी रखता हो, **संपर्क करे - अग्रवाल एजेंसी** रायपुर Mob. 98264-16557.(RO-OM)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये । सैलरी 20000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :-** 9644720222. (RO-30)

आवश्यकता है-स्कूल वाहन चलाने हेतु बस चालक हेवी लाइसेंस धारक - 5 पद लाइट लाइसेंस धारक -8 पद, सुरक्षागार्ड- 5 पद वेतन योग्यता अनुसार। **मदर्स प्राईड हा. सें. स्कूल सुंदर नगर मो न** 7389358588.(RO-133)

**फील्ड एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में फील्ड एक्जीक्यूटिव और फील्ड ऑफिसर युवक/ युवती की आवश्यकता है अपने ही क्षेत्र में रहकर कार्य करें शिक्षा- 10वीं से स्नातक वेतन- 10000 से 25000+ इंसेंटिव **सम्पर्क करें- कुशालपुर चौक, रायपुर** 9575666367. (RO-36592)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर** 9826129026, 9300129026.(RO-132)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- होलसेल कन्फेशनरी में कार्य करने हेतु टैली जानकार कंप्यूटर ऑपरेटर एवं दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। टाइमिंग 11 से 9:30 **मोबाइल नं.** 9131356574, 9200670000, 9827400406. **कृष्णा एजेंसी, नयापारा फुलचौक रायपुर**(RO-7442)

आवश्यकता है- एलजी एवं वोल्टास इलेट्रॉनिक के कंपनी ऑथोराइस सर्विस सेंटर में कंप्यूटर ऑपरेटर लड़के/लड़की की आवश्कता है। अनुभवी को प्राथमिकता । **शंकरनगर,रायपुर ।** 7566600066, 9826190214.(RO-458)

**घरेलु कार्य**

तत्काल आवश्यकता- बंगले में कार्य हेतु घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः योग्यतानुसार कृपया केवल अनुभवी व्यक्ति ही **संपर्क करें** : 9109972720.(RO-om)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर,माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है **संपर्क करे बोरियाखुर्द रायपुर मो.न.** 9893115061.(RO-OM)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**कीपर/लेबर**

आवश्यकता है- रायपुर भनपुरी स्थित सी.एंड एफ. गोडाऊन में कार्य हेतु 1 गोडाउन कीपर और 1 लेबर की । सी.एंड एफ. अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क -** 9229909971 (समय - 10 से 6)(RO-820)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:-** 8918984004.(RO-3026)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:-** 7044713881, 7044684039, 7044893771. (RO-754)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:-** 7450945537, 8335088415. (RO-818)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:-** 8240426971, 9163849676. (RO-755)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें-** 7866031540. (RO-643)

**Services सर्विसेस**

सर्विस - वजन कम करना है या बढ़ाना है??? जाने हमसे... दवाइयों को कहें अलविदा! स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर, खाने की आदतों में बदलाव लाकर हासिल करें अपने सपनों का शरीर! हमारी सेवाएंः शरीर की जांच स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम व्यक्तिगत स्वास्थ्य सलाहकार **संपर्क करें:** 7999758499. (RO-om)

**Property प्रापर्टी**

बेचना है- दुर्ग से मात्र 9 किमी. कोटनी-नगपुरा रोड पर बेहतरीन लोकेशन में रिवर व्यू रेस्टोरेंट प्लाट एरिया 5600 स्क्वे.फीट 1400 फीट में रेस्टोरेंट 95 फीट फ्रंट, रेस्टारेंट, ढाबा, वीकेंड होम, इन्वेस्टमेंट हेतु उपयोगी। बेचना है **सम्पर्क-** 9300044445.(आरो न.-4444)

बेचना है- दुर्ग -ग्राम नगपुरा में एक एकड बियासी डिसमील डामर रोड ग्राम से लगा व्यवसायिक के लिए उपयुक्त बेचना है **मो.-** 9300604957, 7587099540. (RO-OM)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**For Rent किराया**

**किराये से देना हैं**

"रायपुर के प्रमुख स्थान तात्यापारा, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, उपलब्ध है 4000 वर्ग फुट का भव्य स्पेस।"
"यह जगह न केवल 24 घंटे पानी की सुविधा से लैस है, बल्कि बेसमेंट पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध है।"
"यहाँ उपलब्ध है 44 किलोवॉट की पावर सप्लाई, जो आपके हर व्यावसायिक जरुरत को पूरा करने के लिए तैयार है।"
"यह जगह वालफर्निश है, जो आपके ऑफिस या अन्य वाणिज्यिक उपयोग के लिए बिल्कुल उचित है।"
"संपर्क करें स्थानः जी.डी. शेष. निलयम बिल्डिंग तात्यापारा, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, रायपुर, संपर्क करें:
मो.9826135333

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /-1 Sunday | 800 /-1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /-2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/-3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844


MARUTI SUZUKI ARENA
रोड टैक्स आधा, उत्साह दोगुना।
छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से रायपुर ऑटो एक्सपो 2025 में
सभी मारुति सुजुकी एरिना कार्स पर पाएं रोड टैक्स पर 50% की छूट।
7 DAYS LEFT
₹1,40, 000 तक के अधिकतम लाभ
रोड टैक्स पर 50% की छूट^
ऑफ़र 31 जनवरी तक मान्य
3 years 100 000 km WARRANTY**
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
विशेष ऑफर
WAGONR ₹81 100* / ALTO K10 ₹81 100* / S-PRESSO ₹76 100*
BREZZA ₹48 000* / SWIFT ₹81 100* / CELERIO ₹76 100*/ EECO ₹46 100*
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
T&C Apply Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. Offer valid with selected financiers only. **3 years or 100 000 km whichever is earlier. ^One time 50% rebate in Motor Vehicle tax in payment of lifetime tax of vehicles by Chhattisgarh Govt. Above offers valid till stock lasts in Chhattisgarh only.

## गूगल मैप ने अब बरेली में फ्रांसीसी नागरिकों को भटकाया

### साइकिल से जा रहे थे नेपाल, डैम के करीब पहुंचे, बाल बाल बचे

एजेंसी ▶▶ बरेली



यूपी के बरेली में गूगल मैप ने फ्रांसीसी नागरिकों को रास्ता भटका दिया, जिससे वो गलत रास्ते पर चले गए। साइकिल पर सवार होकर दिल्ली से नेपाल जा रहे थे। रास्ता भटककर चुरैली डैम के करीब पहुंच गए। यहां से कुछ समझ न आने पर पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस कर्मियों से मदद मांगी। इस दौरान फ्रांसीसी नागरिकों की भाषा न समझने से पुलिसकर्मी उनकी समस्या नहीं समझ पाए। इस पर SSP अनुराग आर्य से फोन पर उनकी बात कराई। तब पुलिस ने उन्हें सुरक्षा में सही रास्ते पर पहुंचाया। 7 जनवरी को फ्लाइट से दिल्ली आए थे पुलिस के मुताबिक, फ्रांस के ब्रायन जैक्स गिलबर्ट और सेबेस्टीयन फ्रैंकॉइस ग्रेबियल 7 जनवरी को फ्लाइट से दिल्ली आए थे। उन्हें साइकिल से नेपाल के काठमांडु जाना था। वो दोनों अगले दिन ही दिल्ली से साइकिल लेकर चल दिए। दोनों साइकिल सवार पर्यटक गूगल मैप के सहारे रास्ता देखकर जा रहे थे। पीलीभीत में पहुंच गए डैम के पास ये दोनों पीलीभीत से टनकपुर होते हुए काठमांडू जा रहे थे।

**बरेली में 3 लोगों की हो चुकी है मौत**

25 नवंबर 2024 को बरेली में गूगल मैप की वजह से कार आधे-अधूरे पुल से नीचे गिर गई थी। कार में सवार 2 भाइयों समेत 3 युवकों की मौत हो गई। तीनों गूगल मैप के सहारे कार से फर्रुखाबाद जा रहे थे। लोकेशन के हिसाब से चल रहे युवक पुल पर पहुंच गए। कोहरे के कारण पुल समझ में नहीं आया और कार रामगंगा नदी में गिर गई। गांववालों ने नदी में कार गिरी देखकर पुलिस को फोन किया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नदी से बाहर निकाला। कार में शव फंसे थे। पुलिस का कहना है कि कार में फर्रुखाबाद की लोकेशन लगी थी। शायद मैप गलत डायरेक्शन में ले गया। तीनों एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे।

## महाकुंभ में पहुंच गए राम लला, करने को मिलेंगे दर्शन

### बस लेनी पड़ेगी 50 रुपए की टिकट, विधिवत पूजा के बाद खुले दर्शन के लिए कपाट

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



प्रयागराज महाकुंभ नगर के सेक्टर 1 में अयोध्या की तरह ही राम मंदिर बनाया गया है, जहां भक्त यहां आकर भी राम लला के दर्शन कर सकेंगे। बता दें, मंदिर गुरुवार को शाम 4 बजे से दर्शन के लिए खोल दिया गया है। शाम से रात तक सैकड़ों लोगों ने 50 रुपए की टिकट लेकर रामलला के दर्शन किए। जब से भक्तों को मंदिर खुलने की खबर मिली तब से हजारों की संख्या में लोग रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचने लगे। मंदिर खुलने के इंतजार में कई लोग तो वापस भी लौट गए थे, लेकिन फिर जैसे ही मंदिर खुलने की जानकारी मिली तो लोग अंदर जाने लगे। लेकिन बता दें अंदर जाने से पहले आपको भी सभी की तरह एक टिकट लेनी पड़ेगी, इसके बाद ही आप अंदर राम लला के दर्शन कर सकेंगे। जैसा कि हम सभी जानते हैं अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पिछले साल 22 जनवरी को हुई थी। उसी तरह यहां भी उनके प्रतिरूप की विधिवत पूजा करने के बाद प्रतिमा की स्थापना की गई।

**मंदिर के चारों ओर बढ़ाई गई सुरक्षा**

महाकुंभ नगर के सेक्टर 1 में बनाए गए राम मंदिर के प्रतिरूप की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खुलने से पहले मंदिर के चारों ओर सुरक्षा गार्ड खड़े कर दिए गए हैं। इसलिए अगर आप यहां जा रहे हैं, तो आपको दर्शन के दौरान किसी भी तरह की परेशानी लेनी की जरूरत नहीं है। राम मूर्ती देख हैरान हैं लोग अयोध्या की तरह महाकुंभ नगर में राम मंदिर को देख लोग हैरान हैं। इसे एकदम अयोध्या की तरह बनाया गया है। मंदिर में बांस-बल्ली और फाइबर का इस्तेमाल हुआ है। ये फाइबर कोलकाता से मंगवाया गया है, और रामलला की मूर्ती कांटी (पश्चिम बंगाल) में बनाई गई है। मंदिर में लगी लाइटिंग रांची से हैं, जो इस मंदिर का खास आकर्षण बनी हुई हैं।

## जैकेट के शेष

### सरपंच चुनाव यानी ....

निर्विरोध जीतकर आए थे। इस चुनाव में बीजापुर राज्य का अकेला जिला था जहां सबसे अधिक 26 प्रतिशत सरपंच निर्विरोध जीते और जशपुर ऐसा जिला रहा जहां आधे प्रतिशत से कम सरपंच ही निर्विरोध जीतकर आए।

**आपसी सहमति की मिसाल :** किसी भी तरह की संस्था से लेकर संगठन तक अगर दस लोग भी जमा होते हैं तो हैं तो उनके बीच सबसे पहले इस बात की होड़ शुरु हो जाती है कि संस्था, संगठन का नेतृत्व कौन करेगा। नेता कौन होगा। इसी खींचतान के कारण कई बार विरोध और कलह भी शुरु होती है। जाहिर है अगर गांवों में सरपंच जैसे महत्वपूर्ण पद का चुनाव हो। पांच साल तक गांव की जनता का नेतृत्व करने का सवाल हो तो आपसी खींचतान स्वाभाविक है। हर किसी को लगता है कि उसमें नेतृत्व क्षमता है और उसे ही नेता या सरपंच चुना जाना चाहिए। लेकिन इन सारी बातों से अलग राज्य के सभी जिलों में अभी भी आम सहमति के आधार पर निर्विरोध सरपंच चुना जाना सहमति की किसी मिसाल के कम नहीं हो सकता है।

### सबसे अधिक निर्विरोध ....

पदों में में 124 चुनाव लड़कर जीते। लेकिन 43 सरपंच चुनाव लड़े बिना ही निर्विरोध जीते। इसी संभाग में नारायणपुर जिले में 99 में से 20 सरपंच निर्विरोध जीते। यानी 20 प्रतिशत सरपंच निर्विरोध बने। यहां के दंतेवाड़ा जिले में 143 में से 31 सरपंच निर्विरोध जीते। यहां निर्विरोध जीत का प्रतिशत 21. 67 प्रतिशत रहा। हालांकि बस्तर जिले में निर्विरोध जीतने वाले सरपंचों की संख्या मात्र 4.39 प्रतिशत ही रही। बस्तर नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी रहा है। यहां नक्सली आम तौर पर चुनाव का बहिष्कार भी करते हैं, लेकिन ये भी माना जाता है कि अंदर ही अंदर ये लोग अपने समर्थकों को चुनाव में खड़ा भी करवा देते हैं। विरोध में उतरे प्रत्याशियों को परेशान करने के साथ डराने-धमकाने की शिकायतें भी आतीं हैं।

### सेना की फैक्ट्री ....

बिखरे देखे जा सकते हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। धमाके की जोरदार आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। यह घटना ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। **टेस्टिंग फैसिलिटीज और लेबोरेटरीज भी :** भंडारा की इस फैक्ट्री में सेना के लिए एसिड से लेकर कई तरह के विस्फोटक बनाए जाते हैं। यहां टेस्टिंग फैसिलिटीज और अत्याधुनिक लेबोरेटरीज भी हैं।

**2024 में भी ऐसी ही घटना हुई थी :** जनवरी 2024 में भी भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के सीएक्स डिपार्टमेंट में विस्फोट हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

**जबलपुर में भी हो चुका है धमाका :** इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में मध्य प्रदेश में जबलपुर के खमरिया स्थित आयुध फैक्ट्री में सुबह जबरदस्त धमाका हुआ था, जिसमें 2 कर्मचारियों की मौत हुई थी।

### ममता कुलकर्णी ....

डाक्टर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से मिलीं थीं। इसके बाद उनका पट्टाभिषेक किया गया। साल 2013 में हुए कुंभ मेले में वह शामिल हुई थीं और ठीक 12 साल बाद वह अभ 2025 के महाकुभ के लिए वापस आई हैं। किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर बनने के बाद ममता कुलकर्णी का नाम भी बदल जाएगा। वह ममता नंद गिरी के नाम से जानी जाएंगी। एक्ट्रेस का कहना है कि उनका जन्म भगवान के लिए हुआ है। वह अब दोबारा एक्टिंग फील्ड में नजर नहीं आएंगी। उनके मुताबिक, उन्होंने तो मेकअप करना तक छोड़ दिया है।

### ये हैं अखाड़े के ईष्टदेव और देवी ....

अखाड़े के इष्टदेव अर्धनारीश्वर और इष्टदेवी बहुचरा माता हैं. किन्नर अखाड़े की धर्म ध्वजा सफेद रंग की होती है, जिसका किनारा सुनहरे रंग का होता है. जूना अखाड़े के साथ हुए एक समझौते के अनुरूप, किन्नर अखाड़े की धर्म ध्वजा भी जूना अखाड़े के साथ फहराई जाती है।

**किन्नर अखाड़े में 4 बने महामंडलेश्वर, 6 श्रीमंत :** महंत लक्ष्मी त्रिपाठी ने कहा कि 2015 से किन्नर अखाड़ा में नारी, नर और किन्नरों का स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे अखाड़े में जो पद की जिम्मेदारी नहीं निभा पाता, उसे पद से हटाया भी जा सकता है। कौशल्या नंदगिरी ने बताया था कि, किन्नर अखाड़े में अभी तक में 18 लोग का पिंडदान कराया जा चुका है। चार लोगों को महामंडलेश्वर बनाया गया है. वहीं, 6 लोग श्रीमंत बन चुके हैं।

### ड्राइवर को आई ....

सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर के आगे एनएच 53 हुई इस घटना के बारे में कहा जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने से बस क्रमांक सीजी 23 एन 2400 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लहसुन से भरे ट्रक क्रमांक आरजे 17 जीए 5673 से जा टकराई। घटना में ड्राइवर की छह माह के बच्ची की मौत हो गई। बस में 45 लोग सवार थे। टक्कर के बाद बस के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

## पेज एक के शेष

### आत्मानंद में कुर्सी-दौड़...

के लिए कुर्सी-टेबल तो लोक शिक्षण संचालनालय से प्रेषित की गईं, लेकिन ये भी मांगी गई संख्या से आधी ही रही। जिन स्कूलों ने 100 बेंच मांगी थी, उन्हें 30-40 ही सौंप दिए। ये स्थिति कहीं और की नहीं, बल्कि राजधानी रायपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की है। इधर, फरियाद देकर थक चुके स्कूल गिनती के नए बेंच आने के बाद उन बेंच को छांटकर बाहर कर रहे हैं, जो इस्तेमाल के लायक बिल्कुल भी नहीं है। जो ज्यादा जर्जर नहीं हुए हैं, उन्हें एडजस्ट करके काम चलाया जा रहा है। राजधानी के शाला प्राचार्यों का कहना है कि हमारे पास इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं है। बड़े छात्रों को जमीन पर नहीं बैठा सकते। कील ठोककर तो किसी में पत्थर टिकाकर काम चलाया जा रहा है।

### किताबें रखने अलमीरा...

पुस्तकालय के लिए अलमीरा भी मांगे थे, लेकिन उन्हें ये नहीं मिल सके। शिक्षक भी टूटे-फूटे चेयर में काम चला रहे हैं। किताबें पुरानी अलमारी में रखी जा रही हैं। कुछ स्कूलों ने गोपनीय और कीमती सामान रखने के लिए लॉकर अलमीरा भी मांगे थे, ये भी नहीं मिले।

### वक्फ बिल पर जेपीसी...

प्रयास किया, इसे दो बार स्थगित किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया।

### भाजपा ने मेयर के...

किरण देव की उपस्थिति में लगातार बैठकें लीं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को सुबह से लेकर रात तक लगातार बैठकों का दौर चला। इसमें कोर ग्रुप की बैठक पहले की गई। इसमें प्रत्याशियों के नामों पर मंथन किया गया। इसके बाद संभागीय समिति के साथ लगातार बैठकें करके इसमें पार्षद प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा के बाद इनके नाम फाइनल कर दिए गए हैं।

### चुनाव समिति में...

के सदस्य प्रदेश के मंत्री राम विचार नेताम, ओपी चौधरी, धरमलाल कौशिक, शालिनी राजपूत, पुन्नुलाल मोहिले, संतोष पांडेय, नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले प्रदेश के दस निगमों के महापौर प्रत्याशियों के पैनल पर मंथन के बाद तय किया गया कि पूरा पैनल ही राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाए। इसके बाद पैनल को रात को ही राष्ट्रीय संगठन को भेज दिया गया है। इसके बाद पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशियों के पैनल पर मंथन किया गया और नाम फाइनल किए गए। नगर पंचायत के अध्यक्षों के पैनल पर भी चर्चा की गई। बैठक में चुनाव के लिए क्या-क्या समितियां बनानी हैं, इस पर भी चर्चा के बाद जल्द से जल्द समितियों का ऐलान करने कै फैसला किया गया है। बैठक के बाद नगरीय निकाय चुनाव के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, सभी स्तर पर चर्चा पूरी हो गई है, शनिवार को प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा।

### दस हजार की रिश्वत...

सत्यापन पश्चात शुक्रवार एसीबी बिलासपुर द्वारा ट्रेप आयोजित कर बची हुई रकम 10 हजार रुपए लेते हुए आरोपी सुमत डहरिया एवं कमल किशोर को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियो को अभिरक्षा में लेकर उनके विरूद्ध धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## मेड इन छत्तीसगढ़... ब्रांडेड कपड़े के बड़े बाजार में छग की भूमिका तलाशेंगे बिड़ला

### समूह के विशेषज्ञ जल्द ही कर सकते हैं सूबे का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



खान, खदान और धान के कटोरे के रूप में मशहूर छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल उद्योग की संभावनाएं टटोलने आदित्य बिड़ला समूह के विशेषज्ञ जल्द सूबे का दौरा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निमंत्रण पर समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने अपनी टीम से छत्तीसगढ़ में 'आद्यम हैंडवूवेन' के एक्स्टशन पर विचार का आश्वासन दिया। गत दिनों मुंबई में चुनिंदा निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश को बढ़ाने, स्थानीय युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर कुछ नामचीन उद्योगपतियों से मुख्यमंत्री साय ने बातचीत की उनमे कुमार मंगलम बिड़ला प्रमुख थे। उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि छत्तीसगढ़ में सेंचुरी टेक्सटाइल को कैसे विस्तार दिया जा सकता है? कैसे आद्यम हैंड-वूवेन की श्रृंखला का विस्तार कर छत्तीगढ़िया बुनकरों को आधुनिक तरीके से कपड़ो की बनाई, गुनाई सिखा कर मॉडर्न स्किलड हैंड्स के रूप में विकसित किया जा सकता है इस पर आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगल बिड़ला ने संजीदगी से काम करने का वादा किया है।

**मुख्यमंत्री का दिशा-निर्देश**

सूत्रों ने बताया, मुख्यमंत्री का इस दिशा में साफ निर्देश है कि एमओयू की संख्या बढ़ाने की बजाए ठोस रूप से केवल उन्हीं उद्योगपतियों से बात की जाए जो राज्य में निवेश को बढ़ाने या नये उद्योग लगाने में सीरियस हों। सूत्रों ने एक सवाल के जवाब में साफ किया कि बड़े ढोल नगाड़े, प्रचार प्रसार के साथ कई लक्ष्मीपुत्रों से एक साथ बात करने और धडाधड एमओयू साइन करने के बजाए मुख्यमंत्री धीरे धीरे लेकिन ठोस कदम के साथ राजत जयंती में प्रवेश कर रहे छत्तीसगढ़ को गोल्डन जुबली तक कुलांचे भरने को तैयार कर रहे हैं। दिल्ली में भी गिनती के निवेशकों से बात हुई और अब मुंबई में भी उसी रीति नीति पर चलते हुए चुनिंदा उद्योगपतियों से बात हुई।

## अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा प्राथमिकता : मांडविया




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**खास बातें**

- अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की चुनौतियों पर हुई अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को नई दिल्ली में 'अनौपचारिक क्षेत्र में श्रमिकों के लिए औपचारिकीकरण एवं सामाजिक सुरक्षा कवरेज : चुनौतियां एवं नवाचार' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया था । श्रम मंत्री ने भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज के दायरे को 24.4% से बढ़ाकर 48.8% तक ले जाने की प्रगति पर प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि 920 मिलियन लोग (65% आबादी), केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के अंतर्गत आते हैं । डॉ. मांडविया ने अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए औपचारिकीकरण और सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने पर जोर दिया । उन्होंने गरीबी रेखा से नीचे के लोगों, विशेषकर समाज के निचले तबके, और स्वरोजगार करने वालों को भी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की आवश्यकता बताई।

### सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, सचिव (श्रम एवं रोजगार) सुमिता डावरा, और आईएसएसए अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अजमान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । डॉ. मोहम्मद अजमान ने सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में भारत की असाधारण प्रगति की सराहना की। करंदलाजे ने इसे समय की जरूरत बताते हुए सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया । कार्यक्रम का समापन एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमे भारत की समृद्ध विविधता और विरासत को प्रदर्शित किया गया।

## दावोस में भारत का दबदबा

## मंत्री वैष्णव ने निर्यात आधारित समावेशी विकास पर प्रकाश डाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच में वैश्विक दिग्गजों और उद्योग प्रमुखों को संबोधित करते हुए समावेशी विकास के बारे में भारत के दृष्टिकोण और इसकी उल्लेखनीय विकास गाथा प्रस्तुत की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने भारत द्वारा आर्थिक विकास के लिए अपनाए गए संतुलित दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, जिसमें विनिर्माण और सेवा दोनों ही राष्ट्रों के विकास को गति दे रहे हैं। वैष्णव ने कहा, 'यह विनिर्माण या सेवा नहीं हो सकता; यह विनिर्माण और सेवा दोनों ही क्षेत्र होने चाहिए क्योंकि ये दोनों ही क्षेत्र भारत की आर्थिक प्रगति के अभिन्न अंग हैं।' उन्होंने सतत और समावेशी विकास के लिए दोनों के बीच आवश्यक तालमेल को चिन्हित किया।

**निर्यात-आधारित विकास रणनीति**

वैष्णव ने कहा, भारत के केवल आयात के विकल्प पर ध्यान केंद्रित करने से लेकर 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' दृष्टिकोण को अपनाने तक के बदलाव के बारे में बताया। अब घरेलू स्तर पर इस्तेमाल किए जाने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल फोन भारत में निर्मित होते हैं, इसलिए विकास की रणनीति फार्मास्यूटिकल, रसायन और परिधान जैसे क्षेत्रों में निर्यात-आधारित विकास की ओर स्थानांतरित हो गई है।

## वोट खरीदने वालों को न दें वोट : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे नेताओं के बीच जुबानी जंग और तेज होती जा रही है। शुक्रवार (24 जनवरी) को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधा. साथ ही आरोप लगाया कि बीजेपी दिल्ली में वोट खरीद रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिसको मर्जी हो वोट दे देना लेकिन उन्हें बिल्कुल वोट मत देना जो आपके वोट खरीदना चाहते हैं। एक वीडियो जारी करते हुए केजरीवाल ने कहा, 'दिल्ली का यह चुनाव बहुत अलग हो रहा है खुलेआम बीजेपी वाले पैसे बांट रहे हैं और यह पुलिस के सरंक्षण में हो रहा है।

## म्यांमार- मणिपुर बॉर्डर पर भूकंप, 5.1 मापी गई तीव्रता नुकसान की सूचना नहीं

**इंफाल।** म्यांमार के उत्तरी सागाइंग डिवीजन के हमालिन कस्बे में शुक्रवार तड़के 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मणिपुर सीमा के करीब बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह झटके शुक्रवार 12:53 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 130 किमी की गहराई पर स्थित था। राहत की बात यह रही कि किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अवरुध करने हेतु निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं. 68-यांत्रिक-बीएसपी-बॉक्सएन-डोर, दिनांक 17-01-2025

**कार्य :** खुली निविदा के आधार पर बीसीएन डिपो, बिलासपुर में 1000 बॉक्सएन वैगन के दरवाजों को अवरूध करने एवं उंचाई कम करने का कार्य। निविदा **मूल्यः** ₹ 05,93,07,524/–, रूपये पांच करोड तिरानबे लाख सात हजार पांच सौ चौबीस मात्र समस्त खर्चों एवं जीएसटी सहित, **अमानत राशिः** ₹ 04,46,500/–,रूपये चार लाख छियालिस हजार पांच सौ मात्र। **निविदा का खुलनाः दिनांक** 11.02.2025 को दोपहर 12:00 खोले जाएंगे। उपरोक्त ई–निविदा विस्तत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरि.मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)
सीपीआर/10/453 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

## सीबीएसई ने बताया ड्रेस कोड और क्या है बैन

### 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा गाइड लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं। सीबीएसई ने सीसीटीवी नीति भी लागू की है, जिसके तहत प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक सहायक अधीक्षक, जिसे सीसीटीवी निगरानी कहा जाता है, सभी परीक्षा कक्षों या हॉलों को सीसीटीवी से लैस किया जाएगा.। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बाद, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन सहित, को अपने पास रखना, उपयोग करना या उपयोग करने का प्रयास करना, जिसे कम्युनिकेशन डिवाइस के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, अनुचित कार्य व नियमों के खिलाफ माना जाएगा।

## हमलावर ने करीना के सामने 6 बार मारे चाकू सैफ ने सुनाई आपबीती

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अभिनेता सैफ अली खान ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस में अपना बयान दर्ज करवाया है। 15 जनवरी की देर रात उनके घर में क्या-क्या हुआ था, इसकी आपबीती एक्टर ने सुनाई है। उन्होंने बताया कि आरोपी उनके बेटे जेह के कमरे में घुसा था और जब उनके बेटे के रोने की आवाज और केयर टेकर की चीखने की आवाज सुनाई दी तो वो तुरंत उनके रूम में पहुंचे जहां हमलावर चाकू लिए खड़ा था। 16 जनवरी को सैफ के घर में घुसे चोर ने उनपर चाकू से हमला कर दिया था। घटना में सैफ को शरीर में पांच जगह चोटें आई थीं और डॉक्टरों ने उनकी रीढ़ की हड्डी की सर्जरी कर चाकू का टुकड़ा निकाला है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

Email-cmodongargarh@rediffmail.com

क्रमांक /1509/ न.पा.प./ लो.कर्म/ 2025 डोंगरगढ़, दिनांकः 24.01.2025

**// द्वितीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा निरस्त सूचना //**

कार्यालय द्वारा जारी द्वितीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना सिस्टम टेण्डर नम्बर 164009 पत्र क्रमांक /1260 / लो.क.वि./ न.पा.प./ 2025 डोंगरगढ़, दिनांक 08.01.2025 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में अटल परिसर निर्माण कार्य का द्वितीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा आमंत्रित किया गया था। किन्तु राजनांदगांव जिला अंतर्गत डोंगरगढ़ में स्थानीय चुनाव होने के कारण राजनांदगांव जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण उक्त जारी निविदा आगामी आदेश तक निरस्त की जाती है। सूचना जाने।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़**

## शब्द पहेली - 5758



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास–3
4.पानी से सराबोर–5
8.अंधकार–3
9.आक्रमण–3
10.दम, सुट्टा–2
12.समय, वक्त–2
13.कहानी लेखक–5
16.अपराधी, गुंडा–4
17.आलोकित होना–4
18.उद्देश्य, मंजिल–2
19.छाती, सिलना–2
20.जागरण–4
23.सफल, उत्तीर्ण–4
25.पत्नी का नाना–2,3
28.मार्ग, रास्ता–2
29.जरा, थोड़ा–2
31.वैमनस्य–3
33.पाजेब–3
35.जरुरतमंद–3,2
36.गदर, क्रांति–3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह–3
2.वोट,राय–2
3.हथियार, गोला–बारूद–4
4.सनसनी, रोमांच–4
5.एक विदेशी शराब–2
6.आफत, मुसीबत–2
7.उपपत्नी–3
11.बलिदानी–3
12.कार्य करने वाला–3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना–2,3
14.पानी, जल–2
15.निर्माण करने वाला–5
21.प्रकार–3
22.उम्मीद, आशा–2
24.भिखारी–3
26.ख्यात,प्रसिद्ध–4
27.मदिरापान–4
28.मदद,आराम–3
30.इससे कच्ची शराब बनती है–3
31.उस समय–2
32.नागालैंड की एक जाति–2
34.अधर, होठ–2

**शब्द पहेली- 5757 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 5769

★★★★★ कठिनतम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5768 का हल**



सत्यमेव जयते
गुजरात सरकार



# सपनों से सफलता तक

## 20+ नीतियाँ जो निवेशकों में गुजरात के प्रति विश्वास का आधार हैं

गुजरात में 20 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियाँ हैं, जो निवेशकों में गुजरात के प्रति विश्वास जगाती हैं, उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करती हैं, उद्यमिता को बढ़ावा देती हैं और रोजगार के अवसर सृजित करने में मदद करती हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, हाई-टेक उद्योगों और समावेशी विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, गुजरात अपनी दूरदर्शी और निवेशक-हितैषी नीतियों के माध्यम से व्यवसायों को निर्बाध सहयोग प्रदान करता है।

### आत्मनिर्भर गुजरात योजना 2022

ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन और मेडिकल उपकरण जैसे उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से तैयार योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान कर, गुजरात स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता और सतत विकास को सुनिश्चित कर रहा है।

### नई कुटीर उद्योग नीति 2024

कौशल विकास, नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर कुटीर उद्योगों के सतत विकास और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना।

### गुजरात सेमीकंडक्टर नीति 2022-27

गुजरात को भारत का प्रमुख सेमीकंडक्टर और ESDM हब बनाने के उद्देश्य से, सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में विनिर्माण और नवाचार को हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### गुजरात पर्यटन नीति 2021-25

गुजरात को भारत का अग्रणी, सतत और समावेशी पर्यटन गंतव्य बनाना, वैश्विक मानकों, सुविधाओं और स्थानीय उद्यमियों पर ध्यान केंद्रित करना।

### टेक्सटाइल नीति 2024

सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह नीति पूरे टेक्सटाइल वैल्यू चेन पर केंद्रित है, जिसमें श्रम-प्रधान इकाइयों और महिला उद्यमिता को प्राथमिकता दी गई है।

### गुजरात IT / ITeS नीति (2022-27)

IT निर्यात को बढ़ावा देना और सह-कार्यशील स्थानों, डेटा सेंटर और डीप-टेक नवाचार के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना।

### गुजरात नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2023

2030 तक 100 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास को बढ़ावा देना, जिसमें सौर, पवन और हाइब्रिड परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### गुजरात खेल नीति 2022-27

विश्व स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे का निर्माण और समर्पित क्लस्टरों के माध्यम से खेल उपकरणों के निर्माण को प्रोत्साहन देना।

**और भी कई नीतियाँ हैं जो निवेशकों की सफलता और गुजरात के विकास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए, प्रतिबद्ध हैं**





## गुजरात में करें निवेश,
## जहाँ दुनिया को मिला विकास का परिवेश

अधिक जानकारी के लिए
QR कोड स्कैन करें और
क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों के बारे में जानें।

## खबर संक्षेप

### 2 लाख की इनामी महिला समेत 4 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** 2 लाख की इनामी महिला समेत 4 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते साल दुलेड़ गांव के लिए दैनिक उपयोगी सामग्री ले जा रहे पिकअप वाहन में लूटपाट और आगजनी की घटना में शामिल थे। उक्त मामले में सुकमा पुलिस ने अब तक एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों को जेल भेज चुकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की उपस्थित की सूचना पर जिला बल, डीआरजी एवं महिला बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी दुलेड़, मेटागुड़ा, कंचाल व आस-पास जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान ग्राम दुलेड़ के जंगल पहाड़ क्षेत्र में खेत लाड़ी के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर छिपने-भागने लगे, जिन्हें पकड़ा गया। पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि सभी नक्सल संगठन के सदस्य हैं। जिनकी पहचान 2 लाख की इनामी केके बीएन डिवीजन सदस्या व एसजेडसीएम एकन्ना की सुरक्षा गार्ड महिला नक्सली मड़कम पाण्डे, एक लाख का इनामी कोमटपल्ली आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर माड़वी मंगडू, काउरगुट्टा भूमकाल मिलिशिया सदस्य मिड़यिम जोगा और तुमरेल भूमकाल मिलिशिया सदस्य सोड़ी कोसा के रुप में हुई है।

### शराब के धोखे में चरवाहा ने किया कीटनाशक का सेवन, मौत

**धमतरी।** रात के अंधेरे में शराब समझकर चरवाहा ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में भर्ती चरवाहे की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमतरा निवासी ज्ञानकुमार यादव पिता लखनलाल उम्र 47 वर्ष बकरी चराने का काम करता था। बीते 18 व 19 जनवरी को ग्राम लिमतरा में मड़ई-मेला था। मड़ई की खुशी में चरवाहा ज्ञानकुमार दो दिन से लगातार शराब सेवन कर रहा था। 19 जनवरी को चरवाहा नशे की हालत में देशी मसाला शराब की शीशी लेकर घर पहुंचा और उसे चूल्हे के पास रख दिया। उसी के बाजू में कीटनाशक दवा की शीशी भी रखी हुई थी। चरवाहा ने रात के अंधेरे में चूल्हा के बाजू में रखी शीशी को बाहर निकाल उसे शराब समझकर जहर का सेवन कर लिया।

### अस्पताल संचालक से 2 लाख 25 हजार की ठगी, सीमेंट सौदे के नाम पर दिया झांसा

**महासमुंद।** गूगल से नंबर सर्च कर सीमेंट खरीदने के लिए सौदा करना एक अस्पताल संचालक को महंगा पड़ गया। आरोपी मोबाइल धारक ने प्रार्थी से 2 लाख 25 हजार रुपए की ठगी कर ली। सिंघोड़ा पुलिस को प्रार्थी अंबिका अस्पताल के संचालक भूषण नायक पिता मंगल प्रसाद नायक निवासी चारभांठा ने पुलिस को बताया कि उसने गूगल में जाकर 6 जनवरी को अंबुजा सीमेंट खरीदने के लिए सर्च किया तो अंबुजा सीमेंट लिमिटेड कंपनी का संपर्क कथित नंबर मिला, जिस पर कॉल किया तो मोबाइल धारक ने अपना नाम विपिन गुप्ता बताते हुए अंबुजा सीमेंट प्लांट बलौदाबाजार भाठापारा रोड रावन में फैक्ट्री का सेल्समैन होना बताया। व्हाटसएप नंबर पर बैंक डिटेल के साथ एक हजार सीमेंट बोरी का बिल भेजाा। जिस पर प्रार्थी ने छग राज्य ग्रामीण बैंक के खाते से आरोपी मोबाईल धारक के खाते कुल 225000 रुपए एनईएफटी चेक के माध्यम से भेजा ।

# टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर लोकेशन ट्रैक की, इसके बाद ऑपरेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद के मैनपुर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता के बाद, पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा ने हरिभूमि से खास बातचीत में मुठभेड़ और रणनीति के पहलुओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन न केवल नक्सली सफाए की दिशा में बड़ी कामयाबी है, बल्कि भविष्य के लिए पुलिस बल की रणनीतिक मजबूती का भी संकेत है। एसपी राखेचा ने बताया कि गरियाबंद पुलिस लंबे समय से नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। 19 जनवरी को एरिया कमेटी से सूचना मिली कि 20-25 नक्सली भालूदिग्गी इलाके में सक्रिय हैं। इस इनपुट के आधार पर गरियाबंद पुलिस ने एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ और नुआपाड़ा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने बताया, /"हमने नक्सलियों की हर गतिविधि का गहन विश्लेषण किया और टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल कर उनकी लोकेशन ट्रैक की। इसके बाद ऑपरेशन शुरू किया गया। इस मुठभेड़ में 1 करोड़ के इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती समेत 16 नक्सलियों को मार गिराया गया। एसपी राखेचा ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से 15 हथियार, जिनमें एसएलआर, इंसास, थ्री-नॉट-थ्री राइफल और नक्सलियों द्वारा बनाए गए हथियार शामिल हैं, बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि नक्सलियों ने ऑपरेशन में रुकावट डालने के लिए कई जगहों पर आईईडी और कुकर बम लगाए थे। साथ ही, वे एंबुश कर पुलिस को घेरने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सलियों की ओर से लगातार फायरिंग हो रही थी, लेकिन हमारी टीम ने सूझबूझ से हर चुनौती का सामना किया।

**वरिष्ठ अधिकारियों और टीमवर्क का योगदान-** एसपी राखेचा ने अभियान की सफलता का श्रेय अपनी टीम और वरिष्ठ अधिकारियों के समर्थन को दिया। उन्होंने कहा, हमारे जवानों ने साहस और धैर्य दिखाया। हमें वरिष्ठ अधिकारियों से हर स्तर पर मार्गदर्शन और समर्थन मिला।

हरिभूमि फॉलोअप

## पुलिस अधीक्षक राखेचा से खास बातचीत, नक्सली सफाए की रणनीति पर किया खुलासा

### भविष्य की रणनीति पर जोर



आगे की रणनीति पर एसपी ने बताया कि नक्सलियों पर दबाव बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से नक्सलियों का पूरी तरह सफाया करना ही प्राथमिकता है। एसपी राखेचा की यह बातचीत न केवल ऑपरेशन की गहराई को दर्शाती है, बल्कि पुलिस बल के अदम्य साहस और प्रतिबद्धता को भी उजागर करती है। गौरतलब है कि गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट पंचायत के भालू डिग्गी जंगल में सुरक्षा बलों ने 16 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें सेंट्रल कमेटी मेंबर सीसीएम और 1 करोड़ का इनामी नक्सली जयराम रेड्डी उर्फ अप्पाराव भी शामिल है। यह क्षेत्र नक्सलियों का सेफ जोन माना जाता था, जहां से वे ओडिशा, आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नेटवर्क को नियंत्रित करते थे।

### 72 घंटे चली मुठभेड़

भालू डिग्गी के जंगलों में पिछले 72 घंटे तक जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चलती रही। फोर्स ने नक्सलियों को ट्रायंगल शेप के एंबुश में घेरकर यह सफलता हासिल की। बुधवार तक 16 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए। कुल्हाड़ी घाटः नक्सलियों का 20 साल पुराना सेफ जोन कुल्हाड़ी घाट का इलाका पिछले 20 सालों से नक्सलियों का गढ़ बना हुआ था। घने जंगल और ऊंचाई की वजह से यह जगह टॉप नक्सली लीडर्स के लिए सुरक्षित ठिकाना मानी जाती थी। अप्पाराव और उसके साथियों ने इसे तीन राज्यों-ओडिशा, आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नेटवर्क संचालन के लिए बेस बनाया हुआ था।

## आक्रोश : करणी कृपा प्लांट को बंद कराने कलेक्टोरेट के सामने जमकर नारेबाजी

# प्लांट बंद कराने ग्रामीणों ने घेरा कलेक्टोरेट, इधर खलियापानी में चुनाव बहिष्कार का लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

करणी कृपा प्लांट में हुए हादसों के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। इस प्लांट से प्रभावित ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टर ऑफिस के गेट पर प्लांट को बंद कराने के लिए जमकर हंगामा किया एवं सड़क जाम करने के लिए बैठ गए। इधर जिले में ग्रामीण अपने बुनियादी सुविधा के लिए जूझ रहे हैं। जिसके चलते अब चुनाव बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

हरिभूमि सरोकार



### कलेक्ट्रोरेट के गेट पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

करणी कृपा प्लांट हुए हादसों को लेकर ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। वे सड़क पर बैठ नारेबाजी करते रहे एवं प्लांट को बंद करने की मांग को लेकर कलेक्टर से मिलने की जिद करते रहे। बता दें कि बीते दिनों करणी कृपा प्लांट में दुर्घटना के चलते वहां काम कर रहे मजदूरों की जान चली गई थी, जिससे उस प्लांट से प्रभावित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने प्लांट बंद कराने के लिए काफी देर तक हंगामा करने के बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### गांव में सुविधाएं नहीं, पंचायत चुनाव के बहिष्कार का फैसला

बागबाहरा ब्लॉक के टोंगोपानी पंचायत के आश्रित ग्राम खलियापानी में ग्रामीणों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने कहा इस गांव में पहुंचने के लिए आज तक सड़क नहीं बनाई गई, बरसात के दिनों में मरीजों को खाट से उठाकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। बीते 10 साल से यहां के जनप्रतिनिधि गांव को अनदेखा किया है, कई बार मांग करने के बाद भी अनसुनी की गई। इस गांव की अबादी करीब 300 है। इन ग्रामीणों ने बीते दिन गांव में बैठक कर निर्णय लिए हैं कि इस गांव से कोई भी व्यक्ति पंचायत चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। इस गांव में 100 प्रतिशत आदिवासी निवासरत हैं। लेकिन विकास के नाम पर यहां जनप्रतिनिधि लगातार अनदेखी करते आ रहे हैं। यहां पहुंचने के लिए चार पगडंडी रास्ता है, लेकिन एक भी सही नहीं जिसमें ठीक से चला जा सके। गांव में सीसी रोड का निर्माण नहीं किया जा सका है। यहां बरसात के दिनों में पहुंचना काफी कठिन है। तकरीबन 60 से 70 घर निवासरत हैं, जो कच्चे मकान पर रहते हैं उपेक्षा का शिकार इस गांव में प्रधानमंत्री योजना से बनने वाली मकान की संख्या 5 से 6 हैं जिसमें से एक भी पूर्ण रूप से बनकर तैयार नहीं हो पाया है।



### गांव में बैठक कर लिया गया फैसला

गांव के ब्रम्हा ठाकुर, टीकम ठाकुर, वेदसिंग, चुम्मन साहू, भूपेंद्र ठाकुर, मकरध्वज ने बताया कि लंबे से यहां पगडंडी सड़क को पक्की सड़क और छोटे-छोटे नालों में पुलिया बनाने की मांग कर रहे हैं। आश्वासन के अलावा यहां कुछ नहीं मिला इसलिए गांव में बैठक कर चुनाव बहिष्कार करने और अपनी मांगों से प्रशासन को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।

# पेड़ से टकराई बस, दर्जन भर से अधिक यात्री घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम तिलई और खैरझिटी के बीच आज सुबह लगभग साढ़े 9 बजे जागीरदार ट्रेवल्स की बस सड़क किनारे एक पेड़ से जा भिड़ी। जिससे बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। यह बस राजनांदगांव से घुमका जा रही थी। इस दौरान बस की टक्कर होते ही जोर की आवाज और लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे, जहां बस के भीतर सवार कई यात्री घायल हो गए थे। लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बस से निकला।

दुर्घटना को लेकर बस में सवार रेखा सुरेसम ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे बस स्टैंड से बस रवाना हुई थी। इससे पहले चालक ने बस में कुछ मरम्मत की थी। रास्ते में बस ठीक चल रही थी।

### बस का परमिट एक्सपायर

जिस बस से हादसा हुआ। उसकी स्थिति पहले से ही खराब थी। बताया जा रहा है कि बस का परमिट भी 31 दिसंबर 2021 को समाप्त हो गया था। वहीं चालक की तबीयत भी ठीक नहीं बताई जा रही है। बस में सवार लोगों ने बताया कि चालक अचानक अपनी सीट से सरक गया था और बस अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से टकरा गई।

### कॉलेज जा रहे बाइक सवार छात्र की मौत

**राजनांदगांव।** शहर के चिखली ओवरब्रिज में आज दोपहर लगभग 12.15 बजे हाईवा वाहन की चपेट में आने से दिग्विजय कॉलेज में बीएससी के छात्र की मौत हो गई। छात्र परीक्षा दिलाने कॉलेज जा रहा था।
जिले के घुमका पटेवा क्षेत्र के ग्राम मासूल निवासी छात्र थानेश्वर वर्मा अपने मित्र निलेश टंडन के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर दिग्विजय कॉलेज के लिए घर से निकला था। इसी दौरान शहर के ओवरब्रिज में सामने से आ रही हाईवा वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल थानेश्वर वर्मा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो गई थी।

# किसान से 30 हजार रुपए घूस लेते राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के जैजैपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने राजस्व निरीक्षक को किसान से 30 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा है। बताया जाता है कि सीमांकन के नाम पर उसने रिश्वत मांगी थी। जिसमें से पहले किश्त में 30 हजार रुपए देते हुए गिरफ्तार किया गया।

- एंटी करप्शन ब्यूरो ने जैजैपुर में की कार्रवाई

इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत भातमाहुल निवासी भरतलाल चंद्रा पिता जवाहरलाल चंद्रा उम्र 45 वर्ष ने अपने तकरीबन 7-8 एकड़ कृषि भूमि को सीमांकन करवाने के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन दिया था। इसके लिए राजस्व निरीक्षक कुटराबोड़ बद्रीनारायण जांगड़े को आदेश हुआ था। बताया जाता है कि राजस्व निरीक्षक से मिलने पर उसने किसान से सीमांकन करने के नाम पर 1 लाख रुपए की डिमांड की। ऐसी स्थिति में किसान भरतलाल ने इतनी बड़ी राशि देने में असमर्थता जाहिर की, तब काफी मशक्कत के बाद उनके बीच 47 हजार रुपए में सीमांकन करने का सौदा तय हुआ। एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि किसान



भरतलाल चंद्रा राजस्व निरीक्षक को रिश्वत नहीं देना चाहता था और उसे इसके लिए सबक भी सिखाना चाहता था। ऐसे में उसने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में की। उसकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएसपी एंटी करप्शन ब्यूरो अजितेश सिंह के दिशा निर्देशन में एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर केशव आदित्य और उनकी टीम ने शिकायत सत्यता की जांच कराई। तत्पश्चात रिश्वत लेते हुए राजस्व निरीक्षक को पकड़ने की तैयारी की गई। इसके बाद शुक्रवार 24 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे किसान भरतलाल को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने केमिकल युक्त नोट देकर राजस्व निरीक्षक बद्रीनारायण जांगड़े के पास भेजा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मनीष सागर पिता शेष कुमार सागर (25 साल) बिजराभाठा 23 जनवरी को शाम 4 बजे अपने मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीएस 8118 से रायपुर की ओर जा रहा था। मेन रोड एनएच 53 मेमरा छोटा पुल के पास अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मनीष के मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिससे उसके सिर में चोट लगी और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मृतक के जीजा राकेश नंद की रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**जिला परिषद् कार्यालय, जामताड़ा**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना स0–ZILA/PARISHAD/JMT/11/2024 - 25, PR-344337 Rural Department(24-25).D को अपरिहार्य कारणवश उक्त निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, जामताड़ा।

PR.NO.344952 Rural Development(24-25):D

**कार्यालय, बड़की सरैया नगर पंचायत, (गिरिडीह)**
Email id:- eo.badakasarai@gmail.com

पत्रांक–115/ दिनांक–21.01.2025

**शुद्धि/रद्द पत्र**

PR No- PR342274 URBAN DEVEPLOMENT AND HOUSING (24-25)_D के द्वारा बड़की सरैया नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा FSTP ई–निविदा आमंत्रित निविदा संख्या– **BSNP/NIT/FSTP/11/2024-25-1039** दिनांक–16.12.2024 के द्वारा **Construction, Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 7 KLD at Badki Saraiya Nagar Panchayat (Jharkhand) and Operation and Maintenance for 5 years** हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी जिसको तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
बड़की सरैया नगर पंचायत

PR 344949 (Urban Development and Housing)24-25*D

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
**छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी. डी सेक्टर - 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002**
website- www.markfed.cg.nic.in Email.id ; mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्र./विपणन/स.धान / 5118/2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24.01.2025

**खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अतिशेष धान का ई-नीलामी के लिए सर्विस प्रोवाईडर के चयन हेतु जारी ऑनलाईन ई - निविदा की निरस्तीकरण की सूचना**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन मर्यादित द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान से सरप्लस धान के निराकरण हेतु ऑनलाईन ई-नीलामी प्लेटफार्म सर्विस प्रोवाइडर के चयन हेतु ई-निविदा दिनांक 13.01.2025 समय दोपहर 12.00 बजे से 20.01.2025 दोपहर 12.00 बजे तक छ.ग. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (टेंडर नंबर-163806) पर आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है।

:: प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित::
S-42927/3 महाप्रबंधक (विपणन)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-09/2024-25
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा में पलाश मार्ट का निर्माण कार्य। | 4,96,21,700.00 | 9,92,500.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.01.2025 से दिनांक 26.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.02.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल ,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोशठ का दुरभाश संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 345044 Lohardaga(24-25)#D

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**

**// आवश्यक सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि निम्नलिखित दर्शाये अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के विद्यमान 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसी (तिल्दा), रायपुर से मेसर्स ग्रेविटी आयरन एंड पॉवर प्रा.लि. ग्राम चांपा-छपोरा, तहसील - तिल्दा हेतु लगभग 7.5 किलोमीटर 33 के.व्ही. लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो कि दिनांक 23.01.2025 को ऊर्जीकृत किया जा चुका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि विद्युत लाईनों से दूर रहे एवं अपने मवेशी/ घरेलू पशुओं/जानवरों को इस विद्युत लाईन/ स्टे/ तार/ पोल इत्यादी से दूर रखें, ताकि कोई विद्युत दुर्घटना न हो।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 1910, भारत विद्युत आपूर्ति अधिनियम - 1956 एवं विद्युत सुधार अधिनियम-2003 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएँ।"
"असुविधा से बचने के लिये विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें।"
"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे" असुविधा के लिए खेद है
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाइए"

(डी.के. वर्मा)
कर्म. संख्या 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

S-42926/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)**
**( जल जीवन मिशन )**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना )**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। **ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तो के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।** आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

| क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्राम | कार्य की लागत (रू. लाख) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 81/20.01.2025 | 164874 | BIJAPUR | DURDHA | 21.56 | 16170/- |
| 2 | 82/20.01.2025 | 164884 | BHAIRAMGARH | TADOPOT | 15.32 | 11490/- |
| 3 | 83/20.01.2025 | 164880 | BHAIRAMGARH | MARDINPAL | 09.44 | 7080/- |
| 4 | 84/20.01.2025 | 164883 | BHAIRAMGARH | BANDEMARKA | 09.19 | 6893/- |
| 5 | 85/20.01.2025 | 164886 | BHAIRAMGARH | MATASI | 10.31 | 7733/- |
| 6 | 86/20.01.2025 | 164894 | BHAIRAMGARH | BADE ALWADA | 06.12 | 4590/- |
| 7 | 87/20.01.2025 | 164898 | BHAIRAMGARH | MUKRAM | 11.42 | 8565/- |
| 8 | 88/20.01.2025 | 164899 | BHAIRAMGARH | TADMENDRI | 13.69 | 10268/- |
| 9 | 89/20.01.2025 | 164892 | BHAIRAMGARH | TADWADA | 7.89 | 5918/- |
| 10 | 90/20.01.2025 | 164882 | BHAIRAMGARH | UTLA | 28.54 | 21405/- |
| 11 | 91/20.01.2025 | 164869 | USOOR | KOMATPALLI (G.P.Kondapalli) | 15.57 | 11678/- |
| 12 | 92/20.01.2025 | 164870 | USOOR | ARREPALLI | 17.05 | 12788/- |
| 13 | 93/20.01.2025 | 164871 | BHOPAL PATNAM | ANNAPUR | 11.77 | 8828/- |
| 14 | 94/20.01.2025 | 164872 | BHOPAL PATNAM | TEKMETA | 10.49 | 7868/- |
| 15 | 95/20.01.2025 | 164873 | BHOPAL PATNAM | SAFIMARKA | 18.88 | 14160/- |
| 16 | 96/20.01.2025 | 164879 | USOOR | SAPED | 23.87 | 17903/- |
| 17 | 97/20.01.2025 | 164888 | BIJAPUR | GUNJAKONTA | 17.97 | 13478/- |
| 18 | 98/20.01.2025 | 164893 | BHAIRAMGARH | PARKELI | 14.85 | 11138/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (**Bid due date**) **28.02.2025** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (**Bid start date**) **22.01.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

G-242505465/2

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को मिली सौर परियोजना




**नई दिल्ली।** हरित ऊर्जा में सक्रिय कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसकी इकाई को एनएचपीसी से 300 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना मिली है। एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड एनएचपीसी द्वारा आयोजित नीलामी में सफल बोलीदाता बनकर उभरी है।

# सरकार गिग वर्कर्स को लाने जा रही सामाजिक सुरक्षा के दायरे में, दूर होगी चिंता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार गिग वर्कर्स के लिए सोशल सिक्योरिटी कंट्रीब्यूशन सिस्टम शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत इन वर्कर्स को काम करने वाले प्लेटफॉर्म्स को इनके पेमेंट का एक हिस्सा काटकर एम्प्लॉई पेंशन स्कीम में जमा कराना होगा।

- इस राशि पर सरकार 3-4 प्रतिशत तक कंट्रीब्यूशन दे सकती है

इस अमाउंट पर सरकार 3-4 प्रतिशत तक कंट्रीब्यूशन भी दे सकती है। एक अंग्रेजी दैनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार की इस पहल का फायदा न केवल कैब ड्राइवर्स या फूड डिलीवरी पार्टनर्स को ही मिलेगा, बल्कि इस स्कीम में सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स और अन्य गिग इकोनॉमी वर्कर्स को भी कवर किया जाएगा। गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान कुछ साल शुरू किए गए श्रम संहिताओं में शामिल किया गया था।

## पेमेंट का एक हिस्सा काटकर एम्पालॉई पेंशन स्कीम में जमा कराना होगा

### कर्मचारी भविष्य निधि के पास राशि जमा कराई जाएगी

हालांकि, इन्हें अब तक लागू नहीं किया जा सका है। ऐसे में यह देखते हुए कि ये जिन भी प्लेटफॉर्म पर काम करते हैं, उनके द्वारा इन्हें दी जाने वाली पेमेंट का एक हिस्सा काटकर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पास जमा कराया जा सकता है, सरकार इसे शुरू करने के बारे में सोच रही है।




### क्या होते हैं गिग वर्कर्स

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले कर्मचारियों को गिग वर्कर्स कहा जाता है। ये स्थाई कर्मचारी नहीं होते हैं बल्कि फ्रीलांसर के रूप में काम करते हैं इसलिए अपने परमानेंट एम्प्लॉई की तरह कंपनी इन्हें वेतन या भत्ते का भुगतान नहीं करती है। इन्हें बस अपने काम तक का पैसा मिलता है। हमारे देश में ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर्स, ई-कॉमर्स सामान की डिलीवरी करने वाले, ड्राइवर गिग वर्कर्स के तौर पर काम करते हैं।

### जल्दी से जल्दी पहल को शुरू करने की तैयारी

श्रम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस पर कहा, 'इससे जुड़ी डिटेल्स को अंतिम रूप दिया है, उम्मीद है कि इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर श्रम संहिताओं को आगे बढ़ा रहा है, जो किसी भी बिजनेस के लिए जरूरी है।'

## भारत की अब तक की सबसे महंगी रिफाइनरी परियोजना

# बीपीसीएल की आंध्र तेल रिफाइनरी अब तक की सबसे महंगी, 95 हजार करोड़ आएगी लागत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित 90 लाख टन सालाना क्षमता वाली तेल रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परिसर की लागत करीब 95,000 करोड़ रुपये होने की संभावना है।

कंपनी के निदेशक (वित्त) वी रामकृष्ण गुप्ता ने यह जानकारी दी। यह भारत की अब तक की सबसे महंगी रिफाइनरी परियोजना होगी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) इस साल राजस्थान के बाड़मेर में 71,814 करोड़ रुपये की लागत से इतनी ही आकार की इकाई चालू करेगी।

- रिफाइनरी की 90 लाख टन सालाना क्षमता होगी
- इस साल राजस्थान के बाडमेर में इकाई चालू की जाएगी
- आंध्र प्रदेश सरकार भी परियोजना में निवेश करेगी



### 48 महीनों में रिफाइनरी के चालू होने की संभावना

कंपनी के निदेशक ने कहा कि साथ ही कंपनी एक संयुक्त उद्यम भागीदार (शामिल करने के लिए) की तलाश भी कर रही है, हालांकि इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया। अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) के बाद 48 महीनों में रिफाइनरी के चालू होने की संभावना है। रिफाइनरी का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह एक तटीय रिफाइनरी होगी और भूमि की पहचान कर ली गई है।

### पहले महाराष्ट्र के रत्नागिरी के लिए बनी थी योजना

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से 60 लाख टन क्षमता वाली तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर स्थापित करने की योजना बनी थी।

### पेट्रोल और डीजल का उत्पादन होगा

रिफाइनरी की क्षमता 90 लाख टन प्रति वर्ष होगी। इस प्रसंस्करण से पेट्रोल और डीजल जैसे 30-35 लाख टन ईंधन और पेट्रोकेमिकल्स के 38-40 लाख टन 'फीडस्टॉक' का उत्पादन होगा।

### 6000 एकड़ जमीन की तलाश

*गुप्ता ने कहा, ''हम 6,000 एकड़ जमीन की तलाश कर रहे हैं... जमीन की पहचान कर ली गई है और अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होनी है।'' डीपीआर पूरा करने और 'फीडस्टॉक' अध्ययन करने में 6-9 महीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी वित्तीय निर्णय लेने से पहले काफी मात्रा में पूर्व-निवेश की आवश्यकता है।*

### भूमि अधिग्रहण के कारण रूकी परियोजना

हालांकि, भूमि अधिग्रहण के मुद्दों के कारण यह परियोजना शुरू नहीं हो पाई। गुप्ता ने तीसरी तिमाही की आय की घोषणा के बाद विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि बीपीसीएल बोर्ड ने पिछले महीने भूमि अधिग्रहण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और कुछ अध्ययनों जैसी परियोजना से पहले की गतिविधियों पर 6,100 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी थी।

### डीपीआर और फीड अध्ययन पूरा

गुप्ता ने कहा, ''मोटे तौर पर पूंजीगत व्यय की आवश्यकता कुल मिलाकर लगभग 95,000 करोड़ रुपये होगी।'' आंध्र प्रदेश सरकार ने भी अच्छी मात्रा में पूंजी सब्सिडी प्रोत्साहन का संकेत दिया है। गुप्ता ने कहा, ''हम दिसंबर में अंतिम संख्या (निवेश की) पर पहुंचेंगे, जब डीपीआर और फीड अध्ययन पूरा हो जाएगा।'

# सोना 83,000 रुपए के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार, चांदी में भी मजबूती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के कारण जोरदार लिवाली होने के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार आठवें सत्र में तेजी जारी रही और यह 200 रुपये चढ़कर पहली बार 83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 83,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को यह 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंस मामलों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'सोने में बढ़त शुक्रवार को भी जारी रही और घरेलू बाजार में हाजिर सोना नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गांधी ने कहा कि सोने में मौजूदा तेजी अमेरिका में संभावित शुल्क (टैरिफ) योजना और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अन्य नीतियों से उपजी अनिश्चितता का नतीजा है। मौजूदा हालात में सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदारी में उछाल आया है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये बढ़कर 82,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 82,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



- सोना लगातार आठवें सत्र में तेज रहा
- 200 रुपए चढ़कर 83 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर

इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी भी 500 रुपये बढ़कर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 15.50 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,780.50 डॉलर प्रति औंस हो गया।

**एक अग्रणी बेवरेज ब्रांड को डिस्ट्रिब्यूटर्स की ज़रूरत है!**

बेहतरीन बेवरेज ब्रांड से हाथ मिलायें और हमारी सफलता का अहम हिस्सा बनें।

क्या आपको दिलचस्पी है? +91 91489 40520 पर व्हॉट्सऐप करें

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर के दो दिवसीय कैंसर जागरूकता शिविर का सफल आयोजन



**दुर्ग।** जनवरी 2025 में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के तहत बालको मेडिकल सेंटर ने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (दुर्ग), पांडुरंग रामराव डोंगावंकर जिला अस्पताल (दुर्ग) और संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट, दुर्ग के सहयोग से 21 और 22 जनवरी को मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन के माध्यम से एक निशुल्क कैंसर जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कैंसर की जांच सेवाओं को सुलभ बनाना, प्रारंभिक पहचान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और जनता को आत्म-परीक्षण तकनीकों और कैंसर के शुरुआती लक्षणों के बारे में शिक्षित करना था। इस दो दिवसीय शिविर में समुदाय से शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मौ रॉय और डॉ. गौरव गुप्ता ने उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं और विशेषज्ञ परामर्श दिया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की गई, जिसमें आत्म-परीक्षण तकनीकों और कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों को पहचानने पर जोर दिया गया।

### दसवें दिन भी गुलजार रहा ऑटो एक्सपो, जोरदार हो रही है बुकिंग






**रायपुर।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो में दसवें दिन भी भारी भीड़ देखी गई। जहां वाहन खरीदारों ने अपने पसंदीदा वाहनों की बुकिंग की। इस साल विशेष छूट और बचत की योजना के कारण कारों की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। विभिन्न वाहनों पर 3,000 से लेकर 12 लाख रुपए तक की छूट और 50 प्रतिशत रोड टैक्स छूट मिल रही है, जिसका ग्राहकों को भरपूर फायदा हो रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने ऑटो एक्सपो में अपनी नई इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स रेंज पेश की है, जो ग्राहकों के बीच खासा आकर्षण का कारण बनी हुई है। पुनीत परवानी ने बताया कि ये वाहन न केवल फ्यूल की बचत करने में मददगार हैं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहतर विकल्प हैं। मारुति कारों की बिक्री पर विशेष छूट मिल रही है, स्काय ऑटोमोबाइल्स के अनिल अग्रवाल ने बताया कि मारुति कारों पर अधिकतम 1.30 लाख रुपए तक की बचत दी जा रही है। राडा ने वाहन सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अभियान भी शुरू किया है, जिसमें हेलमेट की अनिवार्यता और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। इसके अलावा वाहन खरीदने पर ग्राहकों को एक पौधा भी भेंट किया जा रहा है।

- ज्यादा बचत का फायदा मिलने से वाहनों की बिक्री सबसे ज्यादा

सत्यमेव जयते
ISO 9001:2015

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES**
**OFFICE OF DEVELOPMENT COMMISSIONER (MSME), NEW DELHI**

**Applications are invited for the following posts:**

- **Principal Director**, Fragrance & Flavour Development Centre (FFDC), Kannauj (U.P)
- **Director,** Central Footwear Training Institute (CFTI), Agra (U.P)
- **Principal Director**, Centre for Development of Glass Industry (CDGI), Firozabad (U.P)

A new challenging opportunity awaits to work as Principal Director/Director of Autonomous Bodies (Government of India Societies under Ministry of MSME)

**We are looking for Energetic, Dynamic & Talented professionals having domain knowledge, skill sets & leadership qualities, who wish to leverage their experience & knowledge to deliver high results in the respective sector**

The eligibility criteria, along with the detailed advertisement and application proforma, are available on the following websites: **www.dcmsme.gov.in, www.ffdcindia.org, www.cftiagra.org.in, and www.cdgiindia.net.**

If you are interested to work in a challenging environment, submit the duly filled application form, along with the supporting documents as per the proforma provided in the detailed advertisement on the websites mentioned above. The application should be sent through speed/registered post only to the address below, and should reach by **24th February 2025.**

**Additional Development Commissioner (TC), Office of the Development Commissioner (MSME), Room No. 717, 7th Floor, A-Wing, Nirman Bhawan, Maulana Azad Road, New Delhi-110011**

Note: Separate applications should be submitted for each post or location you are applying for. The envelope containing the application must be clearly marked with the position and location applied for*****

CBC 25113/12/0154/2425

### हर्षित अर्बन सिटी में आयोजित 'प्लॉट मेला' को मिल रहा शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** रियल एस्टेट क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अर्बन सिटी में तीन दिवसीय 'प्लॉट मेला' का आयोजन किया गया है। 24, 25 और 26 जनवरी तक चलने वाले इस प्लॉट मेला के पहले दिन ग्राहकों ने प्लॉट बुकिंग करने में दिलचस्पी दिखाई। ग्राहकों ने साइट विजिट कर प्लॉट की बुकिंग की और सिंघानिया बिल्डकॉन के 'शहर के बीच में अपना जहां' स्कीम का फायदा उठाया। हर्षित अर्बन सिटी, रिंग रोड नं-1, डी-मार्ट के सामने रायपुरा में स्थित है। एक पूरी तरह से विकसित प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स का विकल्प पेश करता है। यहां 1000 से 3000 वर्गफुट साइज के प्लॉट्स किफायती कीमत पर उपलब्ध हैं। यह प्लॉट्स रेरा द्वारा पंजीकृत हैं, जिससे निवेशकों को सुरक्षा और विश्वास का ऐहसास होता है। साथ ही हर्षित अर्बन सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाओं भी है, जैसे कवर्ड कैम्पस, सीसीटीवी सुरक्षा, 24X7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, भूमिगत पानी की टंकी, वॉकिंग ट्रैक, पार्टी लॉन, बच्चों के लिए प्लेइंग ग्राउंड और पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन, जो यहां रहने के अनुभव को और भी शानदार बनाता है।



## गणतंत्र दिवस पर किले में तब्दील हुई राजधानी

*नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हां और राजधानी को किले में तब्दील कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी में 70 से अधिक अर्धसैनिक बलों की कंपनियां और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।*

# 15000 पुलिसकर्मी, पैरामिलिट्री की 70 कंपनियां, 6 लेयर की सिक्योरिटी

### ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

रिपोर्ट के मुताबिक गणतंत्र दिवस के मौके पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा, साइबर विशेषज्ञ अधिकारियों को ऑपरेशन पर नजर रखने के लिए तैनात किया जाएगा।

### मल्टी-लेयर सुरक्षा व्यवस्था

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि छह लेयर वाली सुरक्षा और जांच की व्यवस्था की गई है। नई दिल्ली जिले में कई हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) शामिल हैं। इसके अलावा, एफआरएस प्रणाली से लैस चलती गाड़ियां भी सुरक्षा निगरानी में तैनात रहेंगी। ये कैमरे एक डेटाबेस से जुड़े हुए हैं, जिससे अपराधियों की तुरंत पहचान की जा सके। अधिकारी ने कहा कि 'दिल्ली पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।'




### रूट सर्वे और मॉक ड्रिल्स

*पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मॉक ड्रिल्स कर रही हैं। नई दिल्ली, उत्तर और मध्य जिले में करीब 4,000 छतों को सुरक्षा दृष्टि से चिन्हित किया गया है। गणतंत्र दिवस परेड के मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में 500 हाई-रिजॉल्यूशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम कैमरे लगाए जा रहे हैं। परेड में शामिल होने वालों को विशेष सुरक्षा स्टिकर दिए जाएंगे। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होटलों और मॉल के सुरक्षा स्टाफ के साथ मीटिंग आयोजित की गई हैं। डीसीपी ने बताया कि रूट सर्वे, एंटी-सैबोटाज चेक और हाई-फुटफॉल इलाकों में सतर्कता बढ़ाई गई है। दिल्ली पुलिस ने सभी जिलों के डीसीपी को सुरक्षा योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई है। पुलिसकर्मी हाई अलर्ट पर रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करेंगे।*

## खबर संक्षेप

### शाह आज जारी करेंगे भाजपा का तीसरा संकल्प पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजनीतिक सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। दिल्ली बीजेपी अपने संकल्प पत्र को तीन पार्ट में जारी करेंगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अमित शाह शनिवार को तीसरा संकल्प पत्र जारी करेंगे। पहले संकल्प पत्र में महिलाओं पर फोकस किया गया था। दूसरे संकल्प पत्र में बिजली और पानी पर फोकस किया जा सकता है।

### शार्ली एब्दो पर हमला करने वाले को 30 साल की जेल

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार 23 जनवरी को एक पाकिस्तानी शख्स को 30 साल की जेल की सजा सुनाई है। 29 वर्षीय जहीर महमदूद ने साल 2020 में मशहूर फ्रांसीसी व्यंग्य पत्रिका शार्ली एब्दो के पूर्व दफ्तर के बाहर मीट काटने वाले चाकू से दो लोगों की हत्या करने की कोशिश की थी। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी मूल का यह शख्स साल 2019 में अवैध रूप से फ्रांस पहुंचा था।

### सहवाग शादी के 20 बरस बाद आरती से लेंगे तलाक!



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और उनकी पत्नी आरती ने तलाक की अफवाहों के बीच कथित तौर पर इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है कि इस कपल का 20 साल पुराना रिश्ता टूटने जा रहा। ऐसी खबरें हैं कि सहवाग और आरती बीते कई महीनों से अलग रह रहे हैं। सहवाग और आरती की शादी 2004 में हुई थी और उनके दो बेटे आर्यवीर और वेदांत हैं।

## अमेरिका के सामने भारत उठाएगा मसला

# ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में आया खालिस्तानी आतंकी पन्नू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ समारोह में खालिस्तानी आतंकी पन्नू की मौजूदगी पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत इस मसले को अमेरिका के सामने उठाएगा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भारत देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों को अमेरिका के समक्ष उठाता रहेगा। उनकी यह प्रतिक्रिया खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कथित तौर पर देखे जाने के बाद आई है। जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, 'जब भी कोई भारत विरोधी गतिविधि होती है तो हम अमेरिकी सरकार के समक्ष इस मामले को उठाते हैं। हम अमेरिकी सरकार के समक्ष ऐसे मामले उठाते रहेंगे जिनका हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है और जिनका भारत विरोधी एजेंडा है।'

**खास बातें**

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने दी जानकारी
- पिछले सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति ने ली है शपथ



### देखा गया था नारा लगाते

*बता दें कि 20 जनवरी सोमवार को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू, जिसके पास कनाडा और अमेरिका की दोहरी नागरिकता है, को देखा गया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि खालिस्तानी आतंकवादी को इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था और उसने किसी संपर्क के माध्यम से टिकट खरीदे थे। जश्न के मौके पर मौजूद भीड़ जब 'यूएसए, यूएसए' के नारे लगा रही थी, तो पन्नू को खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते देखा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर घूम रहा है। वायरल वीडियो में सबसे पहले स्टेज पर ट्रंप और फर्स्ट लेडी मेलानिया की जूम फुटेज दिखाई गई और फिर बाईं ओर पैन करके भीड़ को 'यूएसए, यूएसए' के नारे लगाते हुए दिखाया गया। जैसे ही कैमरा आगे बढ़ा तो आतंकी पन्नू को भीड़ के बीच देखा गया, जो 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहा था।*

## ट्रंप को अमेरिकी कोर्ट से बड़ा झटका

# बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म करने के ऑर्डर पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने बर्थराइट सिटिजनशिप को समाप्त करने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर साइन किया था। 20 फरवरी के बाद ऐसे लोगों के लिए नागरिकता का रास्ता बंद हो जाने का डर था, जिनको माता-पिता के अमेरिकन न होने के बावजूद जन्म के आधार पर अमेरिका की नागरिकता मिल जाती थी। हालांकि, कोर्ट ने ट्रंप के आदेश को स्पष्ट रूप से 'असंवैधानिक' करार दिया। बर्थराइट सिटिजनशिप पर ट्रंप के फैसले के खिलाफ डेमोक्रेट्स के नेतृत्व वाले चार राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के बाद यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जॉन कॉफनर ने ट्रंप को इस आदेश को लागू करने से रोक दिया। कोर्ट ने एक आदेश में ट्रंप के ऑर्डर पर अस्थायी रूप से रोक लगाई है। ट्रंप 20 जनवरी को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी, और तभी उन्होंने बर्थराइट से संबंधित नागरिकता के नियमों को समाप्त करने का आदेश जारी किया था।



### आदेश का किस पर पड़ता असर?

डोनाल्ड ट्रंप का आदेश 20 फरवरी से लागू होना था। फेडरल जज का आदेश डेमोक्रेट्स के नेतृत्व वाले राज्यों और सिविल राइट्स ग्रुप्स की याचिका पर आया, जिसमें ट्रंप के कार्यकारी आदेश को चुनौती दी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ लेने के बाद अमेरिकी एजेंसियों से ऐसे बच्चों की नागरिकता स्वीकार नहीं करने का आदेश दिया था, जिनके न तो माता और ना ही पिता अमेरिकी नागरिक हों।

### कोर्ट ने माना ट्रंप का ऑर्डर 14वें संशोधन के खिलाफ

वाशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन जैसे डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने कहा कि ट्रंप का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन के नागरिकता खंड में निहित अधिकार का उल्लंघन है। इसमें प्रावधान है कि अमेरिका में जन्मा कोई भी शख्स देश का नागरिक है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे दिमाग को झकझोर देता है। यह स्पष्ट रूप से असंवैधानिक आदेश है।'

## हाथरस बिटिया प्रकरण

# राहुल की बढ़ेंगी मुश्किलें, मानहानि का परिवाद दायर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हाथरस के एसीजेएम,एमपी एमएलए कोर्ट दीपक नाथ सरस्वती के न्यायालय में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दाखिल हुआ है। न्यायालय ने परिवादी के बयानों के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की है। वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि थाना चंदपा क्षेत्र के गांव बूलगढ़ी निवासी रामकुमार उर्फ रामू की ओर से परिवाद दाखिल किया गया है। परिवाद में कहा गया है कि न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी वोट की राजनीति के लिए जातिगत विद्वेष के लिए कारण 12 दिसंबर 2024 को शांत एवं स्थिर गांव बूलगढ़ी का दौरा कर मृत मुद्दे को पुनर्जीवित करने को जानबूझकर परिवादी को समाज में अपमानित एवं चारित्रिक हनन के उद्देश्य से अवैधानिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर अपने एक्स हेंडिल पर बयानबाजी की।



## दिल्ली चुनाव से पहले भाजपा को झटका

# हाईकोर्ट ने स्पीकर को निर्देश देने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश करने में आप सरकार की ओर से अत्यधिक देरी हुई। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि वह विधानसभा को सीएजी रिपोर्ट को पेश करने के लिए विशेष सत्र बुलाने का के लिए निर्देश नहीं दे सकता है।




दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान के तहत कैग रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य, पर कोर्ट विधानसभा बैठक बुलाने को लेकर विधायकों की मांग को अस्वीकार कर दिया।दिल्ली हाईकोर्ट ने बीजेपी विधायकों की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें शहर प्रशासन को लेकर कैग की 14 रिपोर्ट पेश करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

### रिपोर्ट पेश होने में हुई अत्यधिक देरी

जस्टिस सचिन दत्ता ने शुक्रवार को इस पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश करने में आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से अत्यधिक देरी हुई। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान के तहत कैग रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य, पर कोर्ट विधानसभा बैठक बुलाने को लेकर बीजेपी विधायकों की मांग स्वीकार करने को तैयार नहीं। बता दें, जस्टिस दत्ता ने याचिकाकर्ता, दिल्ली सरकार, विधानसभा स्पीकर और उपराज्यपाल(एलजी) की पूरी दलीलें सुनने के बाद 16 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### कोर्ट ने राज्य सरकार पर की थी सख्त टिप्पणी

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि कैग रिपोर्ट को तुरंत चर्चा के लिए विधानसभा के समक्ष रखा जाना चाहिए था और राज्य सरकार द्वारा इस मुद्दे पर 'अपने पैर पीछे खींचना' उसकी 'सच्चाई पर संदेह' पैदा करता है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में मौजूदा दिल्ली सरकार की कुछ नीतियों की आलोचना की थी, जिसमें कथित तौर पर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वाली उसकी आबकारी नीति भी शामिल है, जो अब रद्द की जा चुकी है।

### कैप्टन अभिमन्यु ने किया दिल्ली चुनाव में प्रचार...



हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री एवं भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भागीदारी करते हुए करोलबाग सीट पर भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत कुमार गौतम के साथ चुनावी रणनीति पर गहन चर्चा की। कैप्टन ने कहा कि दिल्ली की जनता अब पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के झूठ और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। दिल्ली में इस बार भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल कर सरकार बनाने जा रही है।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## मोकामा गैंगवार : 48 घंटे के अंदर घुटनों पर आए दो बाहुबली

# पूर्व एमएलए अनंत ने बाढ़ कोर्ट में किया सरेंडर



एजेंसी ▶▶| पटना

मोकामा गैंगवार के चर्चित मामले में बाहुबली और पूर्व विधायक अनंत सिंह ने सरेंडर कर दिया है। अनंत सिंह ने पटना जिले के बाढ़ कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। वे अपने समर्थकों के साथ सीधे अदालत पहुंचे थे। इससे पहले इसी मामले में गैंगस्टर सोनू ने भी सरेंडर किया था।

कोर्ट परिसर में सरेंडर के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। यह मामला 22 जनवरी की उस घटना से जुड़ा है, जब मोकामा में अनंत सिंह और सोनू-मोनू गैंग के बीच जबरदस्त गैंगवार हुआ था। इस दौरान करीब 70 से 80 राउंड गोलियां चलीं। इस फायरिंग में अनंत सिंह बाल-बाल बच गए थे, लेकिन उनके एक समर्थक को गोली लग गई थी। शुक्रवार की सुबह एक बार फिर मोकामा का जलालपुर नौरंगा गांव एक बार फिर गोलियों की आवाज़ से दहल उठा। इस बार फायरिंग सोनू-मोनू गैंग के मुंशी रहे मुकेश के घर पर हुई।

### गांव वालों में दहशत, पुलिस की चुप्पी

गांव में हुए इस गैंगवार ने स्थानीय लोगों को सहमा दिया है। जलालपुर गांव का पंचमहला थाना घटनास्थल से महज 500 मीटर की दूरी पर है, फिर भी इस मामले में पुलिस का एक्शन सवालों के घेरे में है। लोग सुशासन के दावों पर सवाल उठा रहे हैं। एक किलोमीटर के अंदर दो घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130


अभी संन्यास नहीं...
जोकोविच से शुक्रवार को पूछा गया कि क्या उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना अंतिम मैच खेल लिया है तो इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे लिए फिर से मौका हो सकता है। कौन जानता है। मैं सत्र में आगे अपने प्रदर्शन पर गौर करूंगा। मैं अभी खेलना जारी रखना चाहता हूं।'

ऑस्ट्रेलियन ओपन

पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवाने के बाद लिया फैसला

# जोकोविच ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण छोड़ा सेमीफाइनल मुकाबला, फाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए। दर्शक हालांकि उनके फैसले से खुश नहीं दिखे। जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहला सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता।'

### दूसरी बार चोट के कारण हटे

जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला। यह पिछले चार ग्रैंड स्लैम में दूसरा अवसर है जबकि जोकोविच को चोट के कारण प्रतियोगिता के बीच से हटना पड़ा। वह पिछले साल घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल से हट गए थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई थी और फिर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।





### ज्वेरेव-सिनर में होगा खिताबी मुकाबला

दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना इटली के मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। ज्वेरेव 2020 में अमेरिकी ओपन और 2024 में फ्रेंच ओपन के उपविजेता रहे हैं। गत चैंपियन यानिक सिनर तीसरे सेट में पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद शुक्रवार को यहां बेन शेल्टन को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई और तीसरे ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाए।

### जोकोविच के फैसले का किया बचाव

ज्वेरेव ने जोकोविच के मैच से हटने के फैसले का बचाव करते हुए दर्शकों से अपनी नाराजगी दूर करने का आग्रह किया। ज्वेरेव ने कहा, 'जब कोई खिलाड़ी चोट के कारण मैच से हटने का फैसला करता है तो कृपया उस पर अपना गुस्सा नहीं उतारें। मैं जानता हूं कि हर किसी ने टिकटों के लिए भुगतान किया है और हर कोई पांच सेटों का शानदार मैच देखना चाहता है। लेकिन आपको यह समझना होगा कि नोवाक जोकोविच ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने पिछले 20 वर्षों से इस खेल को अपने जीवन का सब कुछ दिया है।'

### गैडेकी-पीयर्स को मिश्रित युगल का खिताब



ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। गैडेकी और पीयर्स ने फाइनल में जॉन-पैट्रिक स्मिथ और किम्बर्ली बिरेल को 3-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की कोई जोड़ी यहां मिश्रित युगल में चैंपियन बनी। पीयर्स का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल और अमेरिकी ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीत चुके हैं। उनके नाम पर पुरुष युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम सम्मानित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने श्रीलंका के कोलंबो में शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेटरों की चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत के लिए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। मंगलवार को कटुनायके के एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड्स में रोमांचक फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 79 रन से हराया। मांडविया ने एक बयान में कहा, 'यदि आप दिव्यांग हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप देश को गौरवांवित नहीं कर सकते। आपकी जीत इसका प्रमाण है।'

### ग्रिफिथ बने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी कोच

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से एडम ग्रिफिथ को अपना नया राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।



मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस सभी 30 की उम्र पार कर चुके हैं इसलिए ग्रिफिथ को टेस्ट क्रिकेट जैसे बड़े मुकाबलों के लिए तेज गेंदबाजों को तैयार करने का काम सौंपा जाएगा।

### पाकिस्तान, नेपाल ने जीते चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच

**कुआलालंपुर।** पाकिस्तान और नेपाल ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते।



युवा तेज गेंदबाज हनिया अहमर के चार विकेट के दम पर पाकिस्तान ने समोआ को 52 रन से पराजित किया। दूसरी तरफ नेपाल ने कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया को सात विकेट से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बनाए और फिर इसके बाद समोआ को 18.5 ओवर में 84 रन पर आउट कर दिया।

क्रिकेट : आईसीसी की टेस्ट और वनडे टीम घोषित

# बुमराह, जडेजा, जायसवाल आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की।

वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए। उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के



**साल की सर्वश्रेष्ठ टीम** पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

### मंधाना-दीप्ति महिला वनडे टीम में शामिल





**दुबई।** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की शुक्रवार को जारी वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है लेकिन पुरुष टीम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली। मंधाना ने पिछले साल 13 मैच में 747 रन बनाए तथा वह 2024 में महिला वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। दीप्ति ने भी पिछले साल 13 मैच खेले जिसमें उन्होंने 186 रन बनाने के अलावा 24 विकेट भी लिए।

**महिला वनडे टीम**

स्मृति मंधाना (भारत), लौरा वोलवार्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), चमारी अथापत्थु (श्रीलंका), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजैन कप्प (दक्षिण अफ्रीका), एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोन्स (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), दीप्ति शर्मा (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

**पुरुष वनडे टीम**

चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), गुरबाज़ (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह (अफगानिस्तान), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम ग़ज़नफ़र (अफगानिस्तान)।

रणजी ट्रॉफी : जडेजा ने किए 12

# शिकार, बाकी स्टार क्रिकेटर फेल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रविंद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी में अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले एकमात्र भारतीय स्टार क्रिकेटर रहे जबकि रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने निराश किया। जडेजा ने राजकोट में हुए मैच में सौराष्ट्र के लिए 12 विकेट चटकाए जिसमें पांच पहली और सात दूसरी पारी में लिए। उनके इस प्रदर्शन के दम पर सौराष्ट्र ने दिल्ली को ग्रुप डी के मैच में दस विकेट से हराकर एक बोनस अंक भी लिया। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत दोनों पारियों में नाकाम रहे और एक तथा 17 रन ही बना सके।

भारतीय टीम के परिप्रेक्ष्य में जडेजा का प्रदर्शन ही सकारात्मक रहा क्योंकि गत चैंपियन मुंबई के लिए रणजी क्रिकेट में वापसी करने वाले रोहित शर्मा का बल्ला खामोश ही रहा। रोहित जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहले दिन तीन रन ही बना सके। उन्होंने दूसरी पारी में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल रणजी मैच की दो पारियों में चार और 26 रन बना सके। श्रेयस अय्यर दूसरी पारी में 16 गेंद में 17 रन ही बना पाए। अय्यर ने पहली पारी में सात गेंद में 11 रन बनाए।

### शारदुल का जुझारू शतक



शारदुल ठाकुर के जुझारू शतक से खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ वापसी करने की कोशिश की। पहली पारी में 86 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई ने दूसरी पारी में 101 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शारदुल (नाबाद 113 रन) ने तनुष कोटियान (नाबाद 58) के साथ आठवें विकेट के लिए 173 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने शारदुल और कोटियान की पारियों की बदौलत सात विकेट पर 274 रन बनाकर 188 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

# शमी की फिटनेस पर नजर, भारत का दूसरा टी20 आज

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरा टी20 जीत विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।



### स्पिनरों को पिच से मिलेगी मदद

ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है। इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे।

### सैमसन करेंगे पलटवार

अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी। सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

### पार्ल रॉयल्स ने एसए 20 में डरबन को हराया

**डरबन।** पार्ल रॉयल्स ने डरबन सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर एसए 20 के तीसरे सत्र में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रॉयल्स के अब 20 अंक है और प्लेआफ के लिये क्वालीफाई करने वाली वह पहली टीम बनने के करीब है। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स आठ अंक लेकर तालिका में नीचे है। रॉयल्स ने सुपर जाइंट्स को सात विकेट पर 142 रन पर रोक दिया। रॉयल्स के लिए रुबिन हेर्नान ने 22 गेंद में 44 रन बनाए। स्पिनर नूर अहमद एक ही विकेट ले सके जो हेर्नान का था। मिचेल वान बूरेन ने भी 44 रन की पारी खेली।






# भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान ने मलेशिया में जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया में नौवें जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। तमिलनाडु के इरोड के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने नौ बाजियों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने इस दौरान चार अंतरराष्ट्रीय मास्टर और एक ग्रैंड मास्टर को हराया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहे।

गुरुवार को समाप्त हुए नौ दौर के टूर्नामेंट में आठ देशों के 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनियान ने आठवें दौर में इंडोनेशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर नायक बुद्धिधर्मा को हराकर 1.5 अंक की बढ़त



हासिल करके पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर लिया था। भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर वीएस राहुल दूसरे और चीन के अंतरराष्ट्रीय मास्टर ली बो तीसरे स्थान पर रहे।


UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

**अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in**

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **28.02.2025** को **11.00** बजे से दोपहर **4.00** बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **28.02.2025, 4.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 28.02.2025** को सुबह **11.00 बजे** से उपरान्ह **4.00 बजे** तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ संपर्क विवरण | ऋणी एवं गारंटर का नाम | बकाया राशि / कब्जा का प्रकार | मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य व बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Balod Branch Mr. Avinash Sahu (7987081547) | श्री प्रकाश बंजारे | ₹ 8.28 Lakh / सांकेतिक कब्जा | 07.04.2016 / 20.06.2016 | **संपत्ति के मालिकः प्रकाश बंजारे**, खसरा नं. 258 ग्राम- डोकला, पोस्ट- मोखा, तहसील- गुरुर एवं जिला- बालोद छ.ग. स्थित आवासीय भवन। | 11,00,000/- / 1,10,000/- / 25000/- |
| 02 | Pandari Branch Mr. Rupak Sau 9593501406 | रत्नी इंजीनियरिंग वर्क्स | ₹ 400.00 Lakh / सांकेतिक कब्जा | 17.10.2019 / 15.01.2020 | **संपत्ति के मालिकः ए. एन. रेड्डी**, सी.एस.आई.डी.सी., सिलतरा, रायपुर फेस-।।, प्लॉट नं.-19/12 (भाग) में स्थित फैक्ट्री एवं शेड। | 1,00,00,000/- / 10,00,000/- / 50,000/- |
| 03 | Kurud Mr. Manish Kumar Pandey (8770109196) | गायत्री सॉ मिल | ₹ 5.84 Lakh / सांकेतिक कब्जा | 26.10.2023 / 08.01.2024 | **संपत्ति के मालिकः श्रीमती मिलेतिन पत्नी जगदीश राम साहू**, खं. 571/3, पीसी नं. 48, कुरुद, धमतरी बाईपास रोड, सरोजिनी चौक, वार्ड नं. 08, आर.आई.सी.- कुरुद, मौजा- कुरुद, धमतरी में स्थित एक डायवर्टेड संपत्ति (एक शेड बिल्डिंग जिसका उपयोग सॉ मिल के रूप में किया जाता है जिसका नाम "गायत्री सॉ मिल एवं कृष्णा टिम्बर" है। | 43,77,000/- / 4,37,700/- / 25000/- |
| 04 | Charoda Branch Mr. Jaydev Tripathi 9438179100 | सायबर हट | ₹ 14.45 Lakh / सांकेतिक कब्जा | 08.08.2022 / 04.11.2022 | **संपत्ति के मालिक- श्री पार्श्वनाथ दास गुप्ता**, खं. नं. 319/2, प.ह.नं. 57, बाबा स्वीट्स के पीछे पंचशील नगर, पश्चिम नं. 23, मौजा- चरोदा तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग में एक दो मंजिला आवासीय भवन। | 32,61,000/- / 3,26,100/- / 25000/- |
| 05 | Bhilai Sector-I Mr. Shubhash 9805510068 | मेसर्स लीजर स्पेस | ₹ 148.10 Lakh / सांकेतिक कब्जा | 09.09.2024 / 21.12.2024 | **संपत्ति के मालिक- 1. श्रीमती स्वेता मित्रा पत्नी श्री पुलक**, प्लॉट नं. 48, ख.नं. 372/3 एवं 372/1, इंजीनियरिंग पार्क, औद्योगिक क्षेत्र हथखोज, भिलाई, दुर्ग स्थित प्लांट एवं मशीनरी मेसर्स लीजर स्पेस की संपत्ति। **संपत्ति क्र. 2.** प्लॉट नं. 48, ख. नं. 372/3 एवं 372/1, इंजीनियरिंग पार्क, औद्योगिक क्षेत्र हथखोज, भिलाई, दुर्ग में स्थित फैक्टरी एवं शेड। | Property- 1: 40,50,000/- / 4,05,000/- / 50000/-; Property- 2: 10892000/- / 1089200/- / 50000/- |

**ई-नीलामी तिथि एवं समयः 28.02.2025** सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक एवं **संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय- 27.02.2025**, दोपहर 1.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक, बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://ebkray.in** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें, भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से **9439693076** पर भी संपर्क कर सकते हैं

**क्रम संख्या 1 से 4 के लिए यह प्रकाशन ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं/गारंटियों/बंधककर्ताओं को 15 दिन का नोटिस एवं क्रम संख्या 5 के लिए यह प्रकाशन ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं/गारंटियों/बंधककर्ताओं को 30 दिन का नोटिस है।**

दिनांक : 24.01.2025 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com